# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 323 । भोपाल, गुरूवार 23 नवम्बर 2023। पृष्ठ–8। मूल्य – 3.00 रुपए



# कलेक्टर ने जमीन पर बैठकर देखी पीयूसी की व्यवस्था

## अफसरों के साथ निरीक्षण करने निकले थे

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में बढ़ते प्रदूषण के मुद्देनजर कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को अफसरों के साथ पॉल्युशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) व्यवस्था को देखा। इस दौरान वे होशंगाबाद रोड पर वे सड़क किनारे जमीन पर ही बैठ गए और पीयूसी के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने व्यवसायिक वाहनों में पीयूसी न होने पर तत्काल चालानी कार्रवाई शुरु करने और जिन निजी गाड़ियों की पीयूसी नहीं है, उन्हें 15 दिन में सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया। इसके बाद इन पर भी चालानी कार्रवाई करने के निर्देश अफसरों को दिए हैं।

कलेक्टर ने सबसे पहले 5 नंबर स्थित दुर्गा पेट्रोल पंप एवं पॉलीटेक्निक स्थित पेट्रोल पंप पर पीयूसी जांच की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके बाद अन्य पेट्रोल पंपों का भी निरीक्षण कर पीयूसी जांच की व्यवस्था को देखा। इस दौरान उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को उनके पंप पर पीयूसी की जांच व्यवस्था रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही अफसरों को शहर के बढ़ते प्रदूषण स्तर के मद्देनजर वाहनों के प्रदूषण स्तर (पीयूसी) की जांच करने एवं पीयूसी न होने की स्थिति में चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम हरेंद्र नारायण, आरटीओ संजय तिवारी, पॉल्युशन कंट्रोल के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर सिंह के निर्देश के बाद से वाहनों के प्रदूषण स्तर की जांच की जा रही है। कमर्शियल वाहनों में पीयूसी न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी, जिसके अंतर्गत 5 हजार रुपए तक के चालान का प्रावधान है। इसके साथ प्रायवेट वाहनों को पीयूसी कराने 15 दिन का समय दिया जा रहा है। इसके बाद इन पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# ग्वालियर में छाया कोहरा, भोपाल में धुंध

## 3 दिन बाद बारिश के भी आसार

*__भोपाल, देशबन्धु।__ उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ गया है। वर्तमान में हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वातावरण में नमी रहने के कारण बुधवार सुबह ग्वालियर में दृश्यता 800 मीटर दर्ज की गई। इस वजह से वहां कोहरे का असर रहा। राजधानी भोपाल में धुंध रहने के कारण दृश्यता प्रभावित रही।*



*मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को प्रदेश में सबसे कम 12.4 डिग्री सेल्सियस तापमान ग्वालियर में दर्ज किया गया। ग्वालियर सहित 15 शहरों में रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में हरियाणा के आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़ गया है। प्रदेश में वर्तमान में हवा का रुख दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। दक्षिणी हवाएं चलने के कारण तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की संभावना है। 23 नवंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत को प्रभावित करना शुरू कर देगा। इसके असर से हवाओं का रुख बदलने से अरब सागर से नमी मिलने का सिलसिला शुरू होगा, जिसकी वजह से 24 नवंबर से प्रदेश में बादल छाने लगेंगे। साथ ही 25-26 नवंबर को भोपाल-इंदौर सहित दक्षिण-पश्चिम मप्र के शहरों में कहीं-कहीं वर्षा होने की भी संभावना है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने से 27 नवंबर से मौसम साफ हो जाएगा और हवा का रुख उत्तरी होने से तापमान में तेजी से गिरावट होने लगेगी। इससे वातावरण में सिहरन बढ़ने लगेगी। इस दौरान प्रदेश में कहीं-कहीं रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे भी जा सकता है।*

# शादी का झांसा देकर 2 युवतियों का शारीरिक शोषण

**भोपाल, देशबन्धु।** शहर में शादी का झांसा देकर दो युवतियों के साथ शारीरिक शोषण के दो मामले सामने आए हैं। इसमें जहां एक तरफ शाहपुरा पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। चूनाभट्टी पुलिस ने इलाके में रहने वाली ब्यूटीशियन की शिकायत पर एक अन्य युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

शाहपुरा पुलिस मुताबिक बागसेवनिया इलाके में रहने वाली 23 वर्षीय युवती फिलहाल प्रायवेट नौकरी करती है। वर्ष 2019 में कालेज में एडमिशन के दौरान उसकी पहचान राज नामक युवक से हुई थी। उनके बीच लगातार बातचीत होती थी, जिसके चलते वह एक-दूसरे को पसंद करने लगे। जनवरी 2021 में राज युवती को लेकर शाहपुरा की एक होटल पहुंचा, जहां उसने युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। पिछले दिनों राज ने शादी करने से इनकार कर दिया तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवा दिया।

चूनाभट्टी पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय युवती ब्यूटीशियन है। दो साल पहले उसकी पहचान सौरभ नामक युवक से हुई थी। बाद में दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगा। बीते फरवरी महीने में सौरभ युवती को लेकर चूनाभट्टी स्थित एक होटल पहुंचा और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पिछले दिनों युवती जब सौरभ पर शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। उसके बाद पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवा दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# इज्तिमा 8 से, 15 देशों से आएंगी जमातें

## 10 लाख से अधिक लोगों के जुटने की उम्मीद

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन 8 से 11 दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें पाकिस्तान को छोड़कर 15 देशों की जमातें शामिल होंगी। इसके लिए ईंटखेड़ी में करीब ढाई सौ एकड़ में लोगों को ठहराने और वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए जमीन के समतलीकरण और टेंट लगाने का काम शुरु कर दिया गया है।

गौरतलब है कि दुनिया के पांच बड़े इस्लामिक आयोजनों में से एक आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन हर वर्ष भोपाल में किया जाता है। इसमें शामिल होने के लिए देश के अलावा विदेशों से भी जमातें आती हैं। इस बार पाकिस्तान से आने वाली जमातों पर पाबंदी लगाई गई है। ऐसे में पाकिस्तान को छोड़कर अन्य देशों के जमातें इसमें शामिल होंगे। आयोजकों का अनुमान है कि इस बार इज्तिमा में देश और विदेश के करीब 10 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे।

### प्लास्टिक के बर्तनों का नहीं होगा इस्तेमाल

उधर भोपाल में होने वाला इज्तिमा इस बार देश में बड़े कार्यक्रमों के लिए मिसाल बनने जा रहा है। चूंकि इतने बड़े आयोजन में इस बार प्लास्टिक और कागज के बर्तनों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इज्तिमा को स्वच्छ बनाने के लिए स्टील और चीनी मिट्टी के बतनों में चाय-नाश्ता और खाना परोसा जाएगा। इसके लिए समिति दस लाख बर्तनों का बैंक बनाने की तैयारी कर रही है। इससे आयोजन स्थल पर हर साल की तुलना में एक हजार क्विंटल कचरा कम निकलेगा। वहीं आयोजन स्थल से उत्सर्जित कचरे का 19 अलग-अलग तरह से इकठ्ठा कर इसका वैज्ञानिक निस्तारण किया जाएगा। इसमें प्लास्टिक, पैड, पीवीसी, ग्लास, ग्रेबोर्ड, ईवेस्ट, कागज समेत अन्य कचरा शामिल है।

### परोसे जाएंगे शाकाहारी व्यंजन

वहीं इस्तिमें के 73 वर्षों में ...दूसरी बार ऐसा होगा, जब इज्तिमा में पूर्णतः शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा। इससे परिसर में गंदगी कम होगी और लोग भी स्वस्थ रहेंगे। इसके पहले आयोजन समिति ने 2019 में यह प्रयास किया था। वहीं इज्तिमा आयोजन स्थल के पास लगने वाला मेला भी इस बार दो किलोमीटर दूर लगाया जाएगा।

# केंद्रीय विद्यालय-दो में बालिकाओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**भोपाल, देशबन्धु।** बालिकाओं को स्वयं की रक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिवाजी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-दो में प्रति सप्ताह बालिकाओं को जूडो-कराते का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। इसकी शुरूआत बुधवार से कर दी गई है। बुधवार को स्कूल के मैदान में खड़ी बालिकाओं ने किसी हमले की स्थिति में कैसे जवाब देना है यह हुनर सीखा। प्रशिक्षण बालिकाओं को हर सप्ताह इसी तरह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

स्कूल के खेल शिक्षक अजय वराठे के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में राष्ट्रीय मार्शल आर्ट ट्रेनर रितिका कुशवाहा ने बालिकाओं को सिखाया कि किन परिस्थितियों में कैसे मुकाबला करें। श्री कुशवाह ने बताया कि परिस्थिति कोई भी हो हिम्मत न हारें, बल्कि सूझबूझ के साथ डटकर मुकाबला करें। उन्होंने जूडो-कराते के गुर बताए। साथ ही यह भी सिखाया कि कठिन परिस्थिति में फंसने पर गिर जाएं, तो कैसे हाथ छुड़ाकर खड़े होना है और पलटवार करना है। इस अवसर पर स्कूल की उप प्राचार्य, आभा तिवारी सहित अन्य शिक्षिकाओं ने भी बालिकाओं को मार्गदर्शन देकर कहा कि कठिन परिस्थिति में फंसने पर धैर्य सबसे बड़ा कौशल है। घबराएं नहीं और धीरज से सूझबूझ के साथ परिस्थितियों को अपने पक्ष में करें।


**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
टीआडी शाखा, भोपाल-24
सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./411, 412 एंड 415 दिनांक: 21/11/2023

**खुली ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 11:00 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते हैं। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदा क्र.: बीपीएल/टीआरडी/ डीआरजी/डब्ल्यू सी/411 कार्य का विवरणः ओ एच ई वर्क फॉर "डेवलपमेंट ऑफ वंदे भारत चेयर कार मेंटेनेंस कम वर्कशॉप डिपो एट संत हिरदाराम नगर स्टेशन अंडर भोपाल डिवजीन। कार्य समाप्त करने की अवधिः 24 माह। अनुमानित लागतः रू. 25587085.42 ईएमडी रू. मेंः 277900/- निविदा क्र.: बीपीएल/ टीआरडी/ डीआरजी/डब्ल्यू सी/412 कार्य का विवरणः एलिमिनेशन ऑफ क्रिटिकल लोकेशन हेविंग इम्प्लान्टेसन लेस देन 2.50 मी. इन दी जुरिस्डिकसन ऑफ डीईई (टी आर डी)/भोपाल ऑफ भोपाल डिवीजन। कार्य समाप्त करने की अवधिः 18 माह। अनुमानित लागतः रू. 22940448.10 ईएमडी रू. मेंः 264700/- निविदा क्र.: बीपीएल/ टीआरडी/ डीआरजी/डब्ल्यू सी/415 कार्य का विवरणः प्रोविसन ऑफ ओ एच ई विथ आइसोलेटर इन वन ऑफ दी यार्ड लाइन (लेंग्थ 835 मी.) फॉर मेमू रेक एट सी आर डब्ल्यू एस/भोपाल। कार्य समाप्त करने की अवधिः 12 माह। अनुमानित लागतः रू. 5844249.92 ईएमडी रू. मेंः 116900/- जमा करने की अंतिम तारीख एवं समयः 15/12/2023 को 11:00 बजे तक।

कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर(टीआरडी)
पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
481/2023

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।


# नए साल में भोपाल से गुजरने वाली 98 ट्रेने निरस्त रहेंगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मथुरा स्टेशन यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते नए साल में 9 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक भोपाल एवं प्रदेश के अनेक स्टेशनों से चलने वाली ट्रेने निरस्त रहेंगी।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मण्डल से होकर, इस मार्ग से गुजरने वाली जिन ट्रेनों को निरस्त किया है, उनमें छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस 20 जनवरी से 3 फरवरी तक, अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 23 जनवरी से 6 फरवरी तक, पुणे- जम्मूतवी झेलम एक्सप्रेस, 10 जनवरी से 4 फरवरी तक, जम्मूतवी-पुणे झेलम एक्सप्रेस, 12 जनवरी से 6 फरवरी तक, कोल्हापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस, 9, 16, 30 जनवरी को, हजरत निजामुद्दीन-कोल्हापुर एक्सप्रेस 11, 18 जनवरी एवं 1 फरवरी को, लोकमान्य तिलक टर्मिनस - हरिद्वार एक्सप्रेस 22, 25, 29 जनवरी एवं 1 फरवरी को, हरिद्वार - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 23, 26, 30 जनवरी एवं2 फरवरी को, यशवंतपुर - दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस 20, 27 जनवरी एवं 3 फरवरी को, दिल्ली सराय रोहिल्ला - यशवंतपुर एक्सप्रेस 22, 29 जनवरी एवं 5 फरवरी को, डॉ. एम.जी. रामचंद्र सेंट्रल - हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी एवं 2 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-डॉ. एम.जी. रामचंद्र सेंट्रल एक्सप्रेस 16, 20, 23, 27, 30 जनवरी एवं 3 फरवरी को, सिकंदराबाद-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 14, 18, 21, 25, 28 जनवरी एवं 1, 4 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी एवं 2, 5 फरवरी को, डॉ. एम.जी. रामचंद्र सेंट्रल - हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 2, 4 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-डॉ. एम.जी. रामचंद्र सेंट्रल एक्सप्रेस 31 जनवरी एवं 2 फरवरी को, सिकंदराबाद- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 31 जनवरी एवं 6 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 28 जनवरी एवं 4 फरवरी को, बिलासपुर-नई दिल्ली एक्सप्रेस 1, 5 फरवरी को, नई दिल्ली-बिलासपुर एक्सप्रेस 30 जनवरी एवं 3 फरवरी को, डॉ. एम.जी. रामचंद्र सेंट्रल-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 27 जनवरी एवं 3 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन - डॉ. एम.जी. रामचंद्र सेंट्रल एक्सप्रेड 29 जनवरी एवं 5 फरवरी को, तिरुवनंतपुरम-नई दिल्ली केरला एक्सप्रेस 27 जनवरी से 3 फरवरी तक, नई दिल्ली-तिरुवनंतपुरम केरला एक्सप्रेस 29 जनवरी से 5 फरवरी तक, यशवंतपुर-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 23, 25, 30 जनवरी एवं 1 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन - यशवंतपुर एक्सप्रेस 26, 31 जनवरी एवं 2, 7 फरवरी को, यशवंतपुर-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 22, 24, 26, 27, 28, 29, 31 जनवरी एवं 2, 3, 4 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन - यशवंतपुर एक्सप्रेस 25, 27, 28, 29, 30 जनवरी एवं 1, 3, 4, 5, 6 फरवरी को, कन्याकुमारी- हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 10, 12, 17, 19, 24, 26, 31 जनवरी एवं 2 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-कन्याकुमारी एक्सप्रेस 13, 15, 20, 22, 27, 29 जनवरी एवं 3, 5 फरवरी को, तिरुवनंतपुरम-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 9, 16, 23, 30 जनवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस 12, 19, 26 जनवरी एवं 2 फरवरी को, एर्नाकुलम-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 6, 13, 20, 27 जनवरी एवं 3 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 9, 16, 23, 30 जनवरी एवं 6 फरवरी को, कोयम्बटूर-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 21, 28 जनवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-कोयम्बटूर एक्सप्रेस 24, 31 जनवरी को, मदुरै-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 14, 16, 21, 23, 28, 30 जनवरी एवं 4 फरवरी को, हजरत निजामुदीन-मदुरै एक्सप्रेस 16, 18, 23, 25, 30 जनवरी एवं 1, 6 फरवरी को, मदुरै-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 10, 14, 17, 21, 24, 28, 31 जनवरी को, चंडीगढ़-मदुरै एक्सप्रेस 15, 19, 22, 26, 29 जनवरी एवं 2, 5 फरवरी को, तिरुपति-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29, 31 जनवरी एवं 2 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-तिरुपति एक्सप्रेस 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28, 31 जनवरी एवं 2, 4 फरवरी को, नांदेड-अमृतसर एक्सप्रेस 21 जनवरी से 4 फरवरी तक, अमृतसर-नांदेड एक्सप्रेस 23 जनवरी से 6 फरवरी तक, नांदेड-जम्मू तवी एक्सप्रेस 26 जनवरी एवं 2 फरवरी को, जम्मू तवी-नांदेड़ एक्सप्रेस 28 जनवरी एवं 4 फरवरी को, नांदेड- हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 23, 30 जनवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-नांदेड़ एक्सप्रेस 24, 31 जनवरी को, वास्को डी गामा-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 20 जनवरी से 3 फरवरी तक, हजरत निज़ामुद्दीन-वास्को डी गामा एक्सप्रेस 22 जनवरी से 5 फरवरी तक, मैसूर- हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 12, 19 जनवरी एवं 2 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन- मैसूर एक्सप्रेस 15, 22 जनवरी एवं 5 फरवरी को, विशाखापत्तनम-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 8, 12, 15, 19, 29 जनवरी एवं 2 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 10, 14, 17, 21, 31 जनवरी एवं 4 फरवरी को, विशाखापत्तनम-हजरत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24, 25, 27, 28, 30, 31 जनवरी एवं 1, 3, 4 फरवरी को, हजरत निज़ामुद्दीन-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस 11, 12, 13, 15, 16, 18, 19, 20, 22, 23, 25, 26, 27, 29, 30 जनवरी एवं 1, 2, 3, 5, 6 फरवरी को, बलसाड-हरिद्वार एक्सप्रेस 9, 16, 23, 30 जनवरी को, हरिद्वार-बलसाड एक्सप्रेस 10, 17, 24, 31 जनवरी को, लक्ष्मी बाई नगर-देहरादून एक्सप्रेस 24, 25, 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को, देहरादून-लक्ष्मी बाई नगर एक्सप्रेस 23, 24, 30, 31 जनवरी को, इंदौर-देहरादून एक्सप्रेस 21, 27, 28 जनवरी एवं 3, 4 फरवरी को, देहरादून - इंदौर एक्सप्रेस 20, 26, 27 जनवरी एवं 2, 3 फरवरी को, सिवनी ङ्कफिरोजपुर छावनी ज. एक्सप्रेस 11 जनवरी से 5 फरवरी तक, फिरोजपुर छावनी छावनी ज.- सिवनी एक्सप्रेस 12 जनवरी से 6 फरवरी तक, पुरातची थलैवर डा. एम.जी.रामचन्द्रन (चेन्नई सेण्ट्रल)-श्री माता वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस 10, 11, 14, 17, 18, 21, 24, 25, 28, 31 जनवरी एवं 1, 4 फरवरी को, श्री माता वैष्णोदेवी कटरा-पुरातची थलैवर डा. एम.जी.रामचन्द्रन (चेन्नई सेण्ट्रल) एक्सप्रेस 12, 13, 16, 19, 20, 23, 26, 27, 30 जनवरी एवं 2, 3, 6 फरवरी को, कन्याकुमारी- श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस 12, 19, 26 जनवरी एवं 2 फरवरी को, श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस 15, 22, 29 जनवरी एवं 5 फरवरी को, तिरुनेलवेली ज.- श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस 8, 15, 22, 29 जनवरी को, श्री माता वैष्णो देवी कटरा - तिरुनेलवेली ज. एक्सप्रेस 11, 18, 25 जनवरी एवं 1 फरवरी को, बिलासपुर ङ्कअमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 21 जनवरी से 4 फरवरी तक, अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 23 जनवरी से 6 फरवरी तक, इंदौर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 25, 26 जनवरी एवं 1, 2 फरवरी को, चंडीगढ़-इंदौर एक्सप्रेस 26, 27 जनवरी एवं 2, 3 फरवरी को, इंदौर-अमृतसर एक्सप्रेस 26, 30 जनवरी एवं 2 फरवरी को, अमृतसर-इंदौर एक्सप्रेस 28 जनवरी एवं 1, 4 फरवरी को, रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन वन्दे भारत एक्सप्रेस 30, 31 जनवरी एवं 1, 2 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति वन्दे भारत एक्सप्रेस 30, 31 जनवरी एवं 1, 2 फरवरी को, हुबली- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 12, 19, 26 जनवरी एवं 2 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-हुबली एक्सप्रेस 14, 21, 28 जनवरी एवं 4 फरवरी को, विशखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस 19, 20, 23, 26, 27, 30 जनवरी एवं 2, 3 फरवरी को, अमृतसर-विशखापटनम एक्सप्रेस 21, 24, 27, 28, 31 जनवरी एवं 3, 4, 7 फरवरी को, नागपुर-अमृतसर एक्सप्रेस 27 जनवरी एवं 3 फरवरी को, अमृतसर-नागपुर एक्सप्रेस 29 जनवरी एवं 5 फरवरी को, जबलपुर- हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 10 जनवरी से 4 फरवरी तक, हजरत निजामुद्दीन -जबलपुर एक्सप्रेस 11 जनवरी से 5 फरवरी तक, पुडुचेरी-नई दिल्ली एक्सप्रेस 24, 31 जनवरी एवं 7 फरवरी को, नई दिल्ली-पुडुचेरी एक्सप्रेस 21, 28 जनवरी एवं 4 फरवरी को, साईंनगर शिर्डी-कालका एक्सप्रेस 27, 30 जनवरी एवं 3, 6 फरवरी को, कालका-साईंनगर शिर्डी एक्सप्रेस 25, 28 जनवरी एवं 1, 4 फरवरी को, यशवंतपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस 20, 24, 27, 31 जनवरी एवं 3 फरवरी को, चंडीगढ़-यशवंतपुर एक्सप्रेस 23, 27, 30 जनवरी एवं 3, 6 फरवरी को, तिरुपति-जम्मू तवी एक्सप्रेस 23, 30 जनवरी को, जम्मू तवी-तिरुपति एक्सप्रेस 26 जनवरी एवं 02 फरवरी को, रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 24, 25, 26, 27, 29, 31 जनवरी एवं 1, 2, 3, 5, 7 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस 22, 23, 24, 25, 27, 29, 30, 31 जनवरी एवं 1, 3, 5 फरवरी को, भुसावल-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस 28, 30 जनवरी एवं 4, 6 फरवरी को, हजरत निजामुद्दीन-भुसावल एक्सप्रेस 26, 28 जनवरी एवं 2, 4 फरवरी को निरस्त रहेंगी। यात्री असुविधा की स्थिति में रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 पर संपर्क कर सकते हैं।


# कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/353 सागर दिनांक 21/11/2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 931/23-24 | तिली | आधार, रजि., शपथपत्र, कर निर्धा. पंजी | रामकुमार वल्द स्व. बलराम चौरसिया | बिहारीलाल पिता हल्कू पटैल |
| 2. | 932/23-24 | विठ्ठलनगर | शपथपत्र, खसरा, आधार, रजि. | प्यारेलाल पिता सुन्दलाल पटैल | अर्चना पति राकेश साहू |
| 3. | 933/23-24 | शास्त्री | कर निर्धा. पंजी, आधार, रजि. | मालतीबाई पति लखन सिंह यादव | बाबू यादव, निर्भय सिंह यादव |
| 4. | 934/23-24 | तुलसीनगर | रजि., आधार, शपथ पत्र | रमेशभाई पिता नारायण भाई पटैल | कमला पति कन्हैयालाल एवं दिव्या पति शिवचरण राय |
| 5. | 935/23-24 | भगवानगंज | कर निर्धा. पंजी, रजि., आधार, शपथपत्र | 1- कमला राय श्री प्रताप राय, 2- कु. दिव्या राय श्री शिवचरण राय | महेश पिता प्रताप सिंह राय |
| 6. | 936/23-24 | नरयावली नाका | खसरा, रजि., आधार, शपथपत्र | विनीता, संगीता, प्रीति, अनिल, कैलाश पिता रविशंकर ददरया गुप्ता | रेखा पति दिनेश एवं नितिन, नीरज पिता दिनेश गुप्ता |
| 7. | 937/23-24 | इतवारी | कर निर्धा. पंजी, आधार, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र | प्यारेलाल पिता बाबूलाल सेन | कान्तिदेवी पति स्व. प्यारेलाल एवं पंकज, अंकित एवं सीमा पिता स्व. प्यारेलाल सेन |
| 8. | 938/23-24 | भगतसिंह | शपथपत्र, न्याया, डिक्री पारिवारिक व्यवस्था पत्र | बुन्देल सिंह पिता भैयालाल, कुसुम पति बुन्देला सिंह, यशवन्त एवं दुष्यन्त सिंह पिता बुन्देल सिंह बुन्देला | बलवन्त सिंह पिता बुन्देल सिंह बुन्देला |
| 9. | 939/23-24 | भगतसिंह | शपथपत्र, न्याया, डिक्री पारिवारिक व्यवस्था पत्र | बुन्देल सिंह पिता भैयालाल, कुसुम पति बुन्देला सिंह, यशवन्त एवं दुष्यन्त सिंह पिता बुन्देल सिंह बुन्देला | बलवन्त सिंह पिता बुन्देल सिंह बुन्देला |
| 10. | 940/23-24 | गांधीचौक | संपत्तिकर रसीद मृत्यु प्रमाण-पत्र, शपथपत्र, कर निर्धा. रसीद | स्व. प्रकाशचन्द पिता कस्तूर | चन्दाबाई पति स्व. प्रकाशचन्द एवं ननुराग पति रमेश पुत्री स्व. प्रकाशचन्द जैन |

कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर


# महाबोधि महोत्सव तथा सांची मेला 25-26 को

**भोपाल, देशबन्धु।** इस वर्ष भी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची में 25 तथा 26 नवम्बर को महाबोधि महोत्सव एवं सांची मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर रायसेन अरविंद दुबे ने सांची में बैठक लेकर सभी संबंधित अधिकारियों को महाबोधि महोत्सव एवं सांची मेले का सुव्यवस्थित आयोजन के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधानसभा आम निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से मेले आयोजन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, महाबोधि महोत्सव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/ राज. / 2023 /2716 दिनांक 21.11.2023

**नामांतरण विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकगणों द्वारा मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो नगरपालिका में विचाराधीन है।

| क्रं. | प्रकरण क्रं. | क्रेता | विक्रेता | पता | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 185/ना / 2023 | मुनीर अहसन / मो. नजीर अहसन | अनीसा बी / आजम अली, आजम अली / मुजफ्फर अली | वार्ड 10 | विक्रेय पत्र |
| 2 | 196 / ना / 2023 | मोकम सिंह, राजेश सिंह निरजन सिंह/ नवल सिंह | मोकम सिंह, राजेश सिंह, निरजन सिंह / नवल सिंह | वार्ड 10 | विभाजन पत्र |
| 3 | 197 / ना / 2023 | ताहिरा बी / शाहिद अली | मोहम्मद सलीम मोहम्मद इस्माईल खांन | वार्ड 01 | विक्रेय पत्र |
| 4 | 198 / ना / 2023 | साजिद खांन / चाँद खान | राशिद अली / मोहम्मद अली | वार्ड 02 | विक्रेय पत्र |
| 5 | 199/ ना / 2023 | नजमा खांन / फैयाज अहमद, अजरा फातमी / फैयाज अहमद | अन्सार अहमद / फैयाज अहमद | वार्ड 21 | वसीयतनामा |
| 6 | 200 / ना / 2023 | विनोद साहू / शंकर लाल साहू | गप्पू लाल / प्यारे लाल कुशवाह | वार्ड 13 | विक्रेय पत्र |
| 7 | 201/ना / 2023 | ओमबाबू / प्रेमनारायण नेमा | श्याम बाई / छुट्टू लाल | जवाहर बाजार | वसीयतनामा |
| 8 | 202 / ना / 2023 | विनय साहू / रामबाबू साहू | राकेश / नरेन्द्र प्रसाद पालीवाल | वार्ड 02 | विक्रेय पत्र |
| 9 | 203 / ना / 2023 | नसीम मियां / रमजान खां | वरकत बी / हाफिज वशीर खां | वार्ड 20 | वसीयतनामा |
| 10 | 204/ना / 2023 | उमेश कुमार / मथरा प्रसाद | चंन्द्रकांता / मथरा प्रसाद श्रीवास्तव | वार्ड 07 | दानपत्र |
| 11 | 571/ना /2023 | मलका बी / हसीन मियां | मनबो बाई | वार्ड 21 | विक्रेय पत्र |

अतः उपरोक्त दावों के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगरपालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधी यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नही आगामी कार्यवाही की जावेगी ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सिरोंज

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 323 । भोपाल, गुरुवार 23 नवम्बर 2023। पृष्ठ–8। मूल्य – 3.00 रुपए

कलेक्टर ने जमीन पर बैठकर देखी पीयूसी की व्यवस्था पृष्ठ 2
▪ कांग्रेस के हाथ में लौटा 'सामाजिक न्याय' का अस्त्र ▪ गरीबों को मुफ्त अनाज देने से चुनाव जीतने की संभावना नहीं पृष्ठ 4
▪ आग लगने से फटा गैस सिलेंडर, 2 मकान जले, लाखों का नुकसान पृष्ठ 6
मतगणना की तैयारियों, सुरक्षा और डाक मतपत्रों की गिनती के बारे में ली जानकारी पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### कांग्रेस में शामिल हुई टीडीपी की पूर्व नेता दिव्यवाणी

**हैदराबाद,एजेंसी।** अभिनय से राजनीति में आईं दिव्यवाणी बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। टॉलीवुड अभिनेत्री का यहां कांग्रेस के तेलंगाना प्रभारी महासचिव माणिकराव ठाकरे ने पार्टी में स्वागत किया।वह पिछले साल तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) से इस्तीफा देने के बाद से राजनीति से दूर हैं। हालांकि तेलंगाना विधानसभा चुनाव से ठीक एक सप्ताह पहले सक्रिय हो गई हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है।

### पंजाब में पाक स्थित आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 3 गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने आईएसआई नियंत्रित पाकिस्तान स्थित आतंकी मॉड्यूल से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने उनके कब्जे से आठ हथियार, नौ मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किए। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी वर्तमान में यूएपीए मामलों के तहत संगरूर जेल में बंद लोगों के संपर्क में थे। बठिंडा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बिहार के राज्यकर्मियों का 4 प्रतिशत डीए बढ़ा

**पटना,एजेंसी।** बिहार में सरकारी सेवकों और पेंशन भोगियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। बिहार मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में इसकी मंजूरी दे दी गई। प्रदेश में पहले राज्यकर्मियों को महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत मिलता था जो अब बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रमुख सचिव एस सिद्धार्थ ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक कुल 38 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

### झारखंड विधानसभा ने मनाई 23वीं वर्षगांठ

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि विधानसभा राज्य की सबसे बड़ी पंचायत होती है। यहां सिर्फ आम जन के लिए ही नहीं बल्कि राज्य के जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए भी महापंचायत लगती है। यहां से नीतियां बनती है। हजारों–लाखों लोग बड़ी उम्मीद के साथ यहां अपना जनप्रतिनिधि चुनकर भेजते हैं। इसके सही संचालन में पक्ष और विपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्यमंत्री बुधवार को झारखंड विधानसभा की 23वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

### छोटे उद्योगों के लिए बाधा बन रहा है कैशलेस लेनदेन : ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कैशलेस लेनदेन पर केंद्र सरकार के फोकस की आलोचना करते हुए कहा कि यह सूक्ष्म एवं लघु उद्योग इकाइयों के लिए बड़ी बाधाएं पैदा कर रहा है। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट–2023 के समापन सत्र में बोलते हुए बनर्जी ने कहा, कैशलेस लेनदेन अमीर लोगों के लिए बिल्कुल सही है। डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना उनकी मजबूरी है।

### भाजपा किसान विरोधी : राव

**सिद्दीपेट, एजेंसी।** तेलंगाना के वित्त और स्वास्थ्य मंत्री हरीश राव ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों पार्टियां किसानों की 'विरोधी' हैं। राव ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए इस बात की आलोचना की कि कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन ने किसानों को लाभ पहुंचाने के इरादे से यूपीए शासन के दौरान केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी थी। हालांकि, न तो कांग्रेस और न ही भाजपा ने उस रिपोर्ट को लागू किया। मंत्री ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने तेलंगाना सरकार पर मोटरों पर मीटर लगाने के लिए दबाव डाला था और कृषि मोटरों के लिए मीटर नहीं लगाने पर राज्य को मिलने वाले फंड में कटौती करने की धमकी दी थी। इस दबाव के बावजूद मुख्यमंत्री व भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख केसीआर मीटर लगाने पर सहमत नहीं हुए।।

# राजौरी में 2 अफसर समेत 4 फौजी शहीद

- एक आतंकी को मारने का भी दावा
- दो से तीन आतंकियों की तलाश जारी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के राजौरी में बुधवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के दो अफसर और दो जवान शहीद हो गए। एक आतंकी को भी मारने का दावा किया गया है। भारतीय सेना और जम्म–कश्मीर पुलिस पिछले एक माह से एक ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत कालाकोट के जंगलों में छिपे 2 से 3 आतंकवादियों की तलाश कर रही है। बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग और गोलाबारी के बीच सेना के दो अधिकारी और दो जवान शहीद हो गए। बताया जाता है कि इन जंगलों में छिपे हुए आतंकियों के पास भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद हैं। खबर लिखे जाने तक सेना–पुलिस का आतंकवादियों को तलाश करने को संयुक्त सर्च ऑपरेशन जारी था।



### कालाकोट में घिरे हुए हैं आतंकी

जम्मू–कश्मीर के राजौरी के कालाकोट इलाके में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान पर भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, आतंकवादी घायल हो गए हैं और घिरे हुए हैं और ऑपरेशन जारी है।

### 17 नवंबर को भी हुई थी मुठभेड़

इस बीच देखा जाए तो 17 नवंबर को भी जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में मुठभेड़ हुई थी। इसमें लश्कर–ए–तैयबा के 5 आतंकवादी मारे गए थे। कुलगाम पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा था कि हमने सेना के साथ मिलकर अभियान चलाया था। सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था. मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों की पहचान समीर अहमद शेख, यासिर बिलाल भट, दानिश अहमद ठोकर, हंजुल्ला याकूब शाह और उबैद अहमद पैडर के रूप में की गई थी।

### श्रीनगर में लश्कर के 2 आतंकी गिरफ्तार

जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में बुधवार को सुरक्षाबलों ने लश्कर–ए–तैयबा के 2 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनसे 2 पिस्तौल, 4 मैगजीन, 2 फिलर मैगजीन और 8 ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकियों को 21 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। मुमताज अहमद लोन और जहांगीर अहमद लोन कुपवाड़ा के त्रेहगाम के रहने वाले हैं।

39 मीटर तक पाइप पहुंचाया, 30 मीटर की दूरी बाकी

# सिलक्यारा सुरंग से निकली उम्मीदों की किरण

आज सुबह तक खुली हवा में सांस लेने की उम्मीद

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** दीवाली की सुबह से सुरंग में फंसे मजदूरों तक पहुंचने में अब 30–35 मीटर की दूरी रह गई है। रात को चली आगर मशीन ने ड्रिल कर 18 मीटर पाइप सुरंग में डाल दिए है। अब कुल 39 मीटर तक पाइप पहुंच गए हैं। मजदूर लगभग 70 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं। एनएचएआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद ने बताया कि देर रात तक तीन पाइप और डाले गए हैं। कई और भी पाइप सुरंग में डाले जाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि अगर ड्रिलिंग में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आई तो गुरुवार की सुबह तक फंसे मजदूर खुली हवा में सांस लेंगे। सुरंग में यह उम्मीद की किरण को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने मीडिया को विशेष जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बड़कोट इलाके से भी रेस्क्यू टनल के 7 मीटर से अधिक खुदाई कर दी गयी है।

### 70 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं मजदूर

उन्होंने बताया कि सुरंग में फंसे मजदूरों से ऑडियो संपर्क भी स्थापित कर दिया गया। उन्हें आवश्यक कपड़े, दवा व बना खाना लगातार भेजा जा रहा है। इसके अलावा मजदूरों के मानसिक मनोबल को बढ़ाए जाने के लिए एक्सपर्ट की सहायता भी ले रहे हैं। यही नहीं, पूरे प्रदेश में फंसे मजदूरों की सुरक्षा व जिंदगी के लिए दुआ और प्रार्थना के लिए हजारों हाथ भी उठे हुए हैं। मजदूर लगभग 70 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं। प्रेस वार्ता में उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी भास्कर खुल्बे, सचिव नीरज खैरवाल, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, एन एच एआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद, कमांडेंट एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।

## राजस्थान में सियासी दलों ने झोंकी ताकत

राहुल ने मोदी, शाह और अडानी पर साधा निशाना, बोले

### जनता को लूटने के लिए मिलकर काम करते हैं



**भरतपुर, एजेंसी।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने जा रहे असेंबली चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा में जबरदस्त टक्कर देखने को मिल रही है। दोनों दलों के नेता एक–दूसरे पर आरोपों के तीर छोड़ने में कोई संकोच नहीं कर रहे हैं। भरतपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बिजनेसमैन अडानी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने उन्हें जेबकतरे बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उद्योगपति गौतम अडानी देश में जनता को लूटने के लिए मिलकर काम करते हैं।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, 'पॉकेटमार कभी अकेला नहीं आता, तीन लोग होते हैं. एक सामने से आता है, एक पीछे से और एक दूर से देखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काम आपका ध्यान भटकाना है। वह सामने से टीवी पर आते हैं और हिंदू–मुस्लिम, नोटबंदी और जीएसटी के विषय उठाकर जनता का ध्यान भटकाते हैं। इसी बीच अडानी पीछे से आते हैं और पैसे ले जाते हैं। अमित शाह तीसरे व्यक्ति हैं। उनकी भूमिका निगरानी करना है. वह सुनिश्चित करते हैं कि किसी को भी पता न चले कि क्या हो रहा है।'

राहुल गांधी ने केंद्र सरकार में सचिव स्तर के पदों की नियुक्ति में पिछड़ी जातियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कम भागीदारी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, किसी भी बच्चे से पूछें कि वह बड़े होकर क्या बनना चाहता है तो वह बच्चा कहेगा कि वह आईएएस अधिकारी बनना चाहता है।

मोदी ने कहा- राजस्थान में कांग्रेस की बड़ी हार होगी

### गहलोत अब मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे



**भीलवाड़ा, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में अत्याचार, भ्रष्टाचार और माफिया राज से मुक्ति के लिए कांग्रेस के सफाए ही जरुरत बताते हुए दावा किया है कि प्रदेश में बने माहौल से लग रहा है कि कांग्रेस की बड़ी हार होगी और अब कभी भी अशोक गहलोत मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे। श्री मोदी भीलवाड़ा के कोटड़ी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) के प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राजस्थान में इतनी बड़ी कांग्रेस को हार मिलने वाली है। इस बार बड़े बड़े दिग्गज भी बोरियां बिस्तर लेकर घर जाने को मजबूर हो जाएंगे।

#### पिता की सजा भोग रहे पायलट

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व 'वंशवादी' राजनीति में शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी 1996 में आलाकमान के खिलाफ अपने पिता के विद्रोह के लिए अब उनके बेटे सचिन पायलट को 'दंडित' करने का प्रयास कर रही है।

शिवराज ने वैर, देवली, हिण्डौली में जनसभा को किया सम्बोधित, बोले

## कांग्रेस के कारण विकास की दौड़ में पिछड़ गया राजस्थान

**जयपुर/भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस के कारण राजस्थान विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में राजस्थान विकास करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बहन, बेटियों के मान, युवाओं के स्वाभिमान और किसानों के सम्मान को संरक्षित करने का काम भाजपा करेगी। डबल इंजन की सरकार राजस्थान को गौरव को स्थापित करेगी।

वह आज राजस्थान में भाजपा के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां राजस्थान की वैर, देवली, हिण्डौली समेत 3 विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को किया संबोधित।

इसके पहले उन्होंने भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर गहलोत सरकार की नाकामियों को गिनाया और कांग्रेस व राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं नहीं सोचता था कि राहुल गांधी, मोदी जी के विरोध में




इतने विद्वेष से भरे होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी आनंद मना रहे थे कि मोदी जी गए तो भारत मैच हार गया। उन्होंने कहा कि खेल भी देशभक्ति का प्रतीक होता है और प्रधानमंत्री अगर गए तो हमारे लिए गर्व का विषय है, लेकिन मोदी से इतना विद्वेष है कि भारत हार गया तो खुशी हो रही है और मोदी जी पर टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल की प्रधानमंत्री के प्रति इतनी सस्ती टिप्पणी करने का मतलब ये है कि ऐसे नेतृत्व के रहते कांग्रेस का कुछ बचने वाल

### मप्र में फिर बनेगी भाजपा सरकार

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में अभी–अभी चुनाव संपन्न हुए हैं और मैं पूरे विश्वास के साथ ये कह रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी फिर से भारी बहुमत से मध्यप्रदेश में सरकार बनाने वाली है, लेकिन मुझे तो आश्चर्य होता है कि मध्यप्रदेश में भी इन्होंने कई वादे किए थे कहा था कि सब किसानों का कर्जा माफ करेंगे लेकिन नहीं किया। राजस्थान में भी कहा था किसानों का कर्जा माफ करेंगे लेकिन यहाँ 19422 किसानों ने अपनी जमीनें खो दीं, नीलाम कर दी। कांग्रेस सरकार ने कहा था बेरोजगारी भत्ता देंगे वो भी पूरा नहीं किया। श्री चौहान ने कहा कि एक फर्क है मित्रों, मध्यप्रदेश में जो हमने कहा, वो किया , अगर हमने कहा कि लाड़ली बहना योजना तो 1 करोड़ 32 लाख बहनों के खाते में हर महीने पैसा पहुंच रहा है। इनकी पुरानी गारंटी एक भी पूरी नहीं हुई, ना किसानों का कर्जा माफ हुआ , ना बेरोजगारों को भत्ता मिला, काठ की हाँडी एक बार चढ़ती है बार–बार नहीं चढ़ती और इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि राजस्थान में भारी बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

नेशनल हेराल्ड के खिलाफ कार्रवाई पर भड़के खड़गे

## चुनाव में हार के डर से घबराई भाजपा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड पर की गई बडी कार्रवाई और 751 करोड की संपत्ति को जब्त किए जाने के बाद कांग्रेस बेतरह खफा हो गई है। पार्टी का आरोप है कि पांच राज्यों में हार के डर भाजपा बौखला गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हार रही है। ईडी द्वारा एजेएल की संपत्तियों को जब्त किया जाना बताता है कि भाजपा घबराहट में इस तरह के कदम उठा रही है। बावजूद उसका यह प्रयास सफल नहीं होगा और उसे पांचों राज्यों के चुनाव में करारी शिकस्त मिलेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान एजेंसियों का दुरुपयोग करना भाजपा को कोई नया तरीका नहीं है। अब यह पूरे देश के सामने आ चुका है। नेशनल हेराल्ड ने स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में मुखर आवाज उठाई थी।

भारतीय राष्टीय कांग्रेस को स्वतंत्रता के आंदोलन में अपनी भूमिका पर गर्व है। खड़गे ने कहा कि उन्हें अखबार पर पंडित जवाहर लाल नेहरू का वह कथन याद है कि स्वतंत्रता खतरे में है, अपनी पूरी ताकत से इसकी रक्षा करें। उन्होंने कहा कि आगे भी कांग्रेस उन आदर्शों के लिए लड़ना जारी रखेगी,जिसकी बदौलत यह गणराज्य स्थापित हुआ है। पार्टी को भरोसा है कि देश की जनता भाजपा के इस नापाक खेल को समझने की बुद्धिमत्ता रखती है।

### फर्जी मतदान करने वाली महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**उज्जैन, देशबन्धु।** फाजलपुरा के सरकारी स्कूल में फर्जी मतदान मामले में पुलिस ने फर्जी मतदान करने की आरोपी महिला के खिलाफ धारा 188 में कार्रवाई कर दी है। कोतवाली पुलिस ने पीठासीन अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि फाजलपुरा के सरकारी स्कूल में 17 नवम्बर को महिला को फर्जी मतदान करने के आरोप में पकड़ा गया था। पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट पर उसके खिलाफ धारा 188 में केस दर्ज किया गया है। पीठासीन अधिकारी ने अज्ञात महिला के नाम से शिकायत दी थी। उसी के आधार पर केस दर्ज किया गया है। इसके बाद धारा बढ़ाई जाएगी। साथ ही आरोपी से फर्जी मतदान की पर्ची भी बरामद की जाएगी। निर्वाचन के दौरान फर्जी मतदान करने की कोशिश करने की धारा लगाई जाएगी।

वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बरकरार

## दिल्ली की हवा अब भी 'बेहद खराब'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती चिंताओं के बीच दिल्ली की वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। बुधवार को, दिल्ली में समग्र वायु गुणवत्ता सुबह 9 बजे 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। आनंद विहार 'गंभीर' सीमा को पार कर गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार क्षेत्र में, पीएम2.5 का स्तर 429 पर 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ है और पीएम10 443 पर पहुंच गया है, और सीओ 105 तक गिर गया है, जिसे 'मध्यम' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बवाना स्टेशन पर खतरनाक पीएम2.5 500 पर और पीएम10 452 पर दर्ज किया गया, दोनों 'गंभीर' श्रेणी में थे, हालांकि सीओ स्तर 86 पर 'संतोषजनक' चिह्नित किया गया था।

इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे टी3 पर पीएम2.5 का स्तर 429 और पीएम10 का स्तर 346 रहा, जो क्रमश: 'गंभीर' और 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं।

आईटीओ के मॉनिटरिंग स्टेशन ने पीएम 2.5 को 411 पर रिपोर्ट किया, जिसे 'गंभीर' के रूप में वर्गीकृत किया गया, जबकि पीएम 10 ने 340 को छू लिया, जिसे 'बहुत खराब' कहा गया। सीओ का स्तर 104 पर 'मध्यम' था, जबकि एनओ2 119 पर था, जो उसी श्रेणी में आता है। न्यू मोती बाग स्टेशन पर, हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' थी, जिसमें पीएम 2.5 467 था। ओखला चरण–टू में पीएम 2.5 429 और पीएम10 402 दर्ज किया गया।

### मणिपुर में एमबीबीएस छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

#### परीक्षा में शामिल होने से रोके जाने के बाद हुए नाराज

**इंफाल, एजेंसी।** चुराचांदपुर मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) के तैंतीस एमबीबीएस छात्रों को मंगलवार से शुरू हुई प्रथम वर्ष की परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया, उसके बाद उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। 33 एमबीबीएस छात्रों में से 27 जातीय दंगे के कारण विस्थापित हैं और छह गैर–विस्थापित हैं।

एमबीबीएस छात्रों ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके को संबोधित ज्ञापन चुराचांदपुर के अतिरिक्त उपायुक्त थांगबोई गंगटे को सौंपा। इनमें से 27 विस्थापित आदिवासी एमबीबीएस छात्रों ने कहा है कि उन्होंने अपने परीक्षा फॉर्म भरे और अपनी उचित परीक्षा फीस जमा की और अन्य औपचारिकताएं पूरी कीं, फिर भी उन्हें परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि उन्हें सूचित किया गया कि प्रवेशपत्र और अन्य परीक्षा सामग्री केवल छह एमबीबीएस छात्रों के लिए भेजी गई थी, इसलिए बाकी विस्थापित छात्रों को बाहर कर दिया गया।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश के विमानन नियामक डीजीसीए ने यात्री–केंद्रित नियमों का अनुपालन न करने के लिए टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने कहा कि उसने नियमों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सभी अनुसूचित विमान सेवा कंपनियों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं/मुआवजे से संबंधित दायित्वों के निर्वहन का पता लगाने के लिए के मई और सितंबर में दिल्ली, कोच्चि और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर निरीक्षण किया। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एयरलाइनों के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि एयर इंडिया प्रासंगिक नागरिक उड्डयन आवश्यकता (सीएआर) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं कर रहा था। तदनुसार, 3 नवंबर को एयर इंडिया को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उसकी प्रतिक्रिया मांगी गई थी। एयर इंडिया द्वारा दिए गए जवाब के बाद यह पाया गया कि उसने सीएआर के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया है।

भाजपा सांसद बिधूड़ी की बढ़ी मुश्किलें

## आचार समिति ने 7 दिसम्बर को किया तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में बसपा सांसद दानिश अली के लिए अपमानजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लोकसभा की आचार समिति ने इस मामले में उन्हें 7 दिसम्बर को तलब कर बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। समिति ने उसी दिन मौखिक मौखिक बयान दर्ज कराने के लिए पहले बसपा सांसद दानिश को बुलाया है,उसके बाद बिधूड़ी अपना पक्ष रखेंगे। मालूम हो कि इससें पहले भी बिधूड़ी को आचार समिति ने तलब किया था, मगर तब वे राजस्थान विधानसभा चुनाव में पहले से तय कार्यक्रमों का हवाला देकर उसके सामने हाजिर होने में असमर्थता जता दी थी। अब एक बार फिर से समिति ने 7 दिसम्बर का दिन मुकर्रर कर उन्हें बुलाया है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा के लिए 25 नवम्बर को मतदान होगा। जबकि तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा। 3 दिसम्बर को मतगणना कराई जाएगी। उसके अगले दिन 4 दिसम्बर से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत होगी। बतादें कि बीते 21 सितम्बर को संसद के विशेष सत्र के दौरान चंद्रयान–3 पर चल रही चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद बिधूड़ी लोकसभा में बोल रहे थे,उसी दौरान बसपा सांसद दानिश अली ने टोकाटाकी शुरू कर दी। जिससे नाराज होकर बिधूड़ी ने उनके लिए कई अपमानजनक अपशब्दों का इस्तेमाल किए था। विपक्ष द्वारा जिसकी शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की गई थी

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 23 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## 4 दिन का युद्ध विराम क्या राहत लाएगा

46 दिन बाद ग़ज़ा में हिंसा रुकने की कोई उम्मीद जागी है। 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था, जिसमें 12 सौ लोग मारे गए। यह पचास वर्षों में किए गए सबसे भयावह हमलों में से एक था। फिलिस्तीन पर किसी भी तरह कब्जा जमाने की फिराक में लगे इजरायल के लिए यह हमला सुनहरा मौका लेकर आया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना समय गंवाए युद्ध का ऐलान कर दिया। 12 सौ इजरायलियों के बदले 14 हजार फिलिस्तिनियों को मारा जा चुका है। नेतन्याहू शायद इस सदी का सबसे भयावह नरसंहार अपने नाम करवाने में सफल हो गए होंगे। हालांकि रूस और अमेरिका से उन्हें चुनौती मिल रही होगी, लेकिन फिलहाल नेतन्याहू की टक्कर में कोई नहीं दिख रहा है। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी यूक्रेन के साथ जंग छेड़ी हुई है, लेकिन अपने हमलों में वे नैतिकता और लोकतंत्र का पाठ दुनिया को नहीं समझाते हैं, बल्कि साफ-साफ अपने मतलब की बात करते दिखते हैं। वहीं अमेरिका बड़ी चालाकी से अपनी गोटियां रखता है। यूक्रेन से लेकर इजरायल और फिलिस्तीन तक हर युद्धग्रस्त क्षेत्र में अमेरिकी मौजूदगी नजर आएगी, मगर वो कहीं भी युद्ध का सीधे भागीदार नहीं बनता। विश्वशांति से लेकर लोकतंत्र और निरस्त्रीकरण तक सारे दायित्व उसने अपने नाम लिखवा लिए हैं और शातिराना तरीके से ऐसा माहौल बना दिया है कि अब अमेरिका से उसकी जवाबदेही के बारे में कोई सवाल नहीं करता। कभी किसी ने कर भी लिए तो अमेरिका उनका जवाब देना जरूरी नहीं समझता। तो इस तरह नरसंहार की दौड़ में फिलहाल नेतन्याहू सबसे आगे हैं। हिटलर के बाद शायद अब नेतन्याहू की ही मिसालें दी जाएंगी कि किस तरह मासूम लोगों को नफरत का शिकार बनाया गया। संयोग ऐसा है कि हिटलर ने यहूदियों पर जुल्म ढाए और अब यहूदियों को इंसाफ के नाम पर नेतन्याहू उसी राह पर हैं। हालांकि दुनिया भर में लोग इजरायल की क्रूरता के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। कई जगहों से लोगों ने युद्ध को तत्काल रोकने की अपील की है, ताकि निर्दोषों की मौत का सिलसिला रुके। इजरायल के खिलाफ आवाज उठाने वालों में यहूदी भी शामिल हैं। इससे जाहिर है कि अपने नाम पर की जा रही ये हिंसा यहूदियों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। दुनिया में अगर सभी लोग धर्म के नाम पर चलाई जा रही राजनीति और हिंसा को रोकने के लिए उठ खड़े हों, तो काफी हद तक शांति स्थापित हो सकती है।

बहरहाल, फिलहाल अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच इजरायल की कैबिनेट ने 50 बंधकों की रिहाई को सुरक्षित करने के लिए हमास के साथ युद्ध विराम के समझौते को मंज़ूरी दे दी है। इसके तहत लड़ाई में चार दिन के विराम के दौरान बंधक रिहा किए जाएंगे, यह भी कहा गया है कि अतिरिक्त दस बंधकों की रिहाई पर युद्ध विराम को एक और दिन के लिए बढ़ाया जाएगा। हालांकि खबर ये भी है कि कैबिनेट की बैठक से पहले इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि बंधकों की रिहाई के लिए समझौता होने के बावजूद हमास के साथ युद्ध जारी रहेगा। अब इजरायल की केबिनेट की बात सुनी जाएगी या नेतन्याहू की, ये अगले दो-तीन दिनों में ही साफ हो जाएगा। अगर युद्ध रुका रहा, तो यह बहुत बड़ी राहत होगी। इस समझौते के बाद हमास ने बताया है कि इजरायली बंधकों के बदले इजरायल की जेलों से 150 फ़िलिस्तीनियों को रिहा किया जाएगा। क्या इजरायल वाकई ऐसा करेगा, ये देखना होगा।

इस समझौते के तहत राहत सामग्री और दवाइयां लेकर आने वाले सैकड़ों ट्रकों को ग़ज़ा में दाख़िल होने की अनुमति दी जाएगी। गौरतलब है कि ईंधन, भोजन, पानी और दवाओं के अभाव में गज़ा एक बड़े कब्रिस्तान में बदलता जा रहा है। फिलिस्तिनियों के लिए मात्र 10 प्रतिशत ही भोजन उपलब्ध है, अस्पतालों में बिजली और दवाओं के न होने के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो रहा। ऊपर से इजरायली विमानों ने चुन-चुन कर अस्पतालों को निशाना बनाया है, जबकि वहां आतंकियों के ठिकाने हैं, इसकी कोई पुष्टि नहीं है। जो लोग बमों और गोलियों से न मरें, वे भूख और बीमारी से मर जाएं, कुछ हालात ऐसे बन गए हैं। ऐसे में राहत सामग्री के पहुंचने से कुछ तो मदद मिलेगी।

चार दिनों के युद्ध विराम के इस समझौते को करवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, और सीआईए के प्रमुख खास तौर पर शामिल रहे। अमेरिकी नेताओं ने क़तर और इजराइल के साथ लगातार वार्ताएं कीं ताकि समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके। दरअसल इस समझौते में अमेरिका के अपने हित भी जुड़े हैं। 7 अक्टूबर से दस अमेरिकी लापता हैं और ये माना जा रहा है कि उन्हें बंधक बनाकर रखा गया होगा। साफ हो गया कि बिना स्वार्थ के अमेरिका कुछ नहीं करता। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र संघ ने युद्ध विराम की कितनी कोशिशें की, लेकिन अमेरिकी रवैये के कारण वे सफल नहीं हो पाईं। दुख इस बात का है कि भारत भी अमेरिका के पीछे चलता दिखाई दे रहा है। कल ही यानी मंगलवार को ब्रिक्स देशों ने एक असाधारण वर्चुअल सम्मेलन में ग़ज़ा में तुरंत संघर्ष-विराम लागू करने की अपील की थी। इसके सदस्य देशों में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि फ़िलिस्तीनियों की अलग देश की मांग को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है, तो वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस संकट के लिए नाकाम अमेरिकी कूटनीति को ज़िम्मेदार बताया और दक्षिण अफ्रीका ने इजरायल पर 'युद्ध अपराधों' और नरसंहार के आरोप लगाये हैं। लेकिन भारत की ओर से मोदी इस बैठक में शामिल नहीं हुए, शायद उनकी चुनावी व्यस्तता थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसमें हिस्सा लिया। ब्रिक्स नेताओं ने जहां संघर्षविराम की मांग की वहीं भारतीय विदेश मंत्री ऐसा कहने से बचते नजर आए और केवल इतना कहा कि फ़िलिस्तिनियों की चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। इससे पहले भी युद्धविराम पर भारत संयुक्त राष्ट्र में हुए मतदान से दूर रहा था, जबकि बाक़ी सभी ब्रिक्स सदस्य देशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया था।

प्रधानमंत्री मोदी का इजरायल और अमेरिका के लिए झुकाव अब छिपी बात नहीं है। लेकिन उनकी धारणाओं के कारण देश की विदेश नीति गलत राह पर चले या उसकी साख को धक्का लगे, ये सही नहीं है। बेंजामिन नेतन्याहू तो अपना नाम कैसे दर्ज कराएंगे ये तय है। अब श्री मोदी को विचार करना होगा कि वे भारत का परचम विश्वशांति के लिए लहराते हैं या फिर हिंसा और बदले की जुबान बोलने वालों के साथ खड़े होते हैं।

# पनौती और चुनौती

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

**क्रिकेट का चुनावी लाभ लेने की कोशिश भाजपा ने की, तो कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं रही। भाजपा ने टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं तो कांग्रेस ने भी इसके मजे लेते इसे इंडिया की जीत के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस जानती है कि भाजपा इंडिया गठबंधन के कारण इंडिया शब्द बोलने से बचती रहती है, लेकिन क्रिकेट के कारण भाजपा को इंडिया का नाम लेना पड़ा और कांग्रेस ने इस मौके को भुना लिया।**

21वीं सदी में विकास के भ्रम में जी रहे भारत में पिछले चार दिनों से पनौती शब्द सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। पनौती एक नकारात्मक और अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाला शब्द है। जब इसे किसी व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है, तो इसका मतलब ये है कि वह व्यक्ति अपने आसपास के लोगों के लिए दुर्भाग्य लेकर आता है और बनते हुए काम बिगाड़ देता है। डायन और टोनही जैसे शब्दों की तरह ही पनौती भी मानवीय गरिमा के खिलाफ गढ़ा गया एक शब्द है, फर्क इतना ही है कि पनौती में लिंगभेद नहीं है, जबकि डायन और टोनही जैसे शब्द मजबूर, बेसहारा महिलाओं को प्रताड़ित करने के लिए किस धृष्टता के साथ इस्तेमाल किए जा चुके हैं, इसकी अनेक मिसालें हैं। इन शब्दों के इस्तेमाल को कानूनन अपराध मानने के बावजूद इनका इस्तेमाल अभी रुका नहीं है, क्योंकि अंधविश्वास की बेड़ियों को काटना एक-दो दिन का काम नहीं है। यह सतत जागरुकता और प्रयास की मांग करता है। इस वक्त जिस तरह पनौती शब्द को ट्रेंड कराया जा रहा है, उससे यही समझ आता है कि भारत में अंधविश्वास की जड़ें बरगद की जड़ों की तरह मजबूती से धंसी हुई हैं। पं.नेहरू और डॉ. अंबेडकर, डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ.होमी जहांगीर भाभा ने ऐसे भारत की कल्पना तो बिल्कुल भी नहीं की होगी, जो एक ओर आजादी का अमृतकाल मनाए और दूसरी ओर सत्ता की लड़ाई में पनौती जैसे शब्दों को ले आए। देश में पहले से कई तरह की चुनौतियां सिर उठाए खड़ी हैं, उस पर अंधविश्वास की इस चुनौती से कैसे निपटा जाएगा, यह विचारणीय है।

पनौती शब्द का ताजा सिलसिला इस रविवार से शुरु हुआ। 19 नवंबर 2023 को क्रिकेट विश्वकप का फाइनल मुकाबला भारत आस्ट्रेलिया से हार गया। आस्ट्रेलिया छठवीं बार विश्वविजेता बना, जबकि भारत सारे मैचों में विजेता रहकर भी आखिरी मुकाबला जीत नहीं पाया। मैच देखने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर सिनेमा, खेल, व्यापार और धार्मिक कारोबार से जुड़ी कई दिग्गज हस्तियां अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पहुंची हुई थीं। लेकिन भारत मैच हार गया तो कई दर्शकों ने प्रधानमंत्री मोदी को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए कह दिया कि वे पनौती हैं, वो खेल देखने पहुंच गए, इसलिए भारत मैच हार गया। इस विषय पर रविवार को देशबन्धु ने अपने संपादकीय में लिखा भी था कि ऐसी सोच रखना सरासर खेल भावना के विरुद्ध बात है। खेल से तो शारीरिक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छी होती है, इसमें अंधविश्वास जैसी बीमारी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। अफसोस की बात ये है कि रविवार से बढ़ते हुए ये सिलसिला बुधवार तक भी जारी है और शायद अब 30 तारीख तक ये मामला ऐसे ही खिंचे, क्योंकि विधानसभा चुनावों के आखिरी मतदान इसी दिन हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के उनके सलाहकारों ने कभी सोचा नहीं होगा कि क्रिकेट मैच को राजनैतिक हथियार बनाने का ये अंजाम भी हो सकता है। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच करवाना या फिर विश्वकप का फाइनल मुकाबला यहां रखना, इसके पीछे विशुद्ध राजनैतिक कारण था कि क्रिकेट से जुड़ी जनभावनाओं और दीवानगी को भाजपा के लिए वोट में तब्दील करना। भारत-पाक मैच में तो भारत की जीत हुई थी और तब जय श्रीराम के नारे लगा कर भाजपा समर्थकों ने अपने आकाओं के इरादे साफ कर दिए थे कि उनके लिए क्रिकेट केवल राजनैतिक लाभ कमाने का जरिया है। यही सोच फाइनल मुकाबले को लेकर भी थी। भारत मैच जीत जाता तो मीडिया 24 घंटे में एकाधा घंटे अपनी ओर से और जोड़कर मोदीजी की तारीफ में जी-जान लगा देता। फिर भाजपा का प्रचार तंत्र इसे विधानसभा चुनावों से लेकर 2024 के आम चुनावों तक भुनाता। मगर रविवार को भाजपा का दांव फेल हो गया। हालांकि श्री मोदी ने इसके बाद भी आपदा में अवसर तलाशने का जज्बा नहीं छोड़ा। वे ड्रेसिंग रूम तक कैमरों के साथ पहुंच गए, जबकि यह जगह खिलाड़ियों और टीम के बाकी लोगों के लिए ही होती है, यहां बाहरी कोई व्यक्ति नहीं जा सकता। मगर मोदीजी इसे भी मुमकिन बनाने की गरज से वहां पहुंचे और जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वे जबरदस्ती खिलाड़ियों को गले लगा रहे हैं, उनका हाथ पकड़ रहे हैं। भारत कोई पहली बार तो विश्वकप का फाइनल मुकाबला हारा नहीं है। जो खिलाड़ी हैं, वो जानते हैं कि हार-जीत लगी रहती है और कुछ देर की मायूसी के बाद वे फिर से मैदान में अभ्यास करने पहुंच जाते हैं। उन्हें ऐसी जबरिया सहानुभूति या प्रोत्साहन की कोई जरूरत नहीं थी, मगर मोदीजी ने कैमरों की खातिर ऐसा किया, ताकि देश उन्हें देखे और फिर अगले चुनाव में उन्हें वोट दे। क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते मोदीजी को क्या एक बार भी वो महिला पहलवान याद आई होंगी, जो सच में उनके सहयोग और समर्थन की मांग करते हुए कई दिनों तक जंतर-मंतर पर बैठी रहीं।

खैर, क्रिकेट का चुनावी लाभ लेने की कोशिश भाजपा ने की, तो कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं रही। भाजपा ने टीम इंडिया को शुभकामनाएं दीं तो कांग्रेस ने भी इसके मजे लेते इसे इंडिया की जीत के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस जानती है कि भाजपा इंडिया गठबंधन के कारण इंडिया शब्द बोलने से बचती रहती है, लेकिन क्रिकेट के कारण भाजपा को इंडिया का नाम लेना पड़ा और कांग्रेस ने इस मौके को भुना लिया। इसके बाद मंगलवार को एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने भारत की हार का जिक्र किया, सभा में मौजूद लोगों में से कुछ ने पनौती शब्द कहा तो राहुल गांधी ने भी पनौती, पनौती बोलकर बता दिया कि देश में इस हार को लेकर इस नक्त कैसी सोच चल रही है। हालांकि राहुल गांधी ने सीधे तौर पर श्री मोदी का नाम नहीं लिया, लेकिन राहुल पर दिन-रात नजर रखने वाली भाजपा ने अनकहे शब्दों को समझते हुए मान लिया कि राहुल मोदी के लिए ही पनौती कह रहे हैं। इसके बाद मोदी समर्थक तमाम चैनलों में कई घंटों की बहस पनौती शब्द और राहुल की सोच पर हो गई। भाजपा के जुझारू नेतागण नरेन्द्र मोदी के बचाव में अपने-अपने पैंतरों के साथ उतर पड़े। इसे प्रधानमंत्री का अपमान बताया और राहुल से माफी की मांग भी कर दी। जाहिर है अब भाजपा इस मुद्दे को चुनावी रंग देगी और हो सकता है अगली किसी रैली में मोदी इसके लिए सहानुभूति बटोरने की कोशिश में दिखें।

राहुल के बचाव में बहुत से लोग प्रधानमंत्री मोदी के कहे पुराने शब्दों की सूची गिना रहे हैं, जिनमें जर्सी गाय, कांग्रेस की विधवा, पचास लाख की गर्लफ्रेंड, पप्पू, मूर्खों का सरदार प्रमुख हैं। निश्चित ये सारे शब्द अनैतिकता और मर्यादाहीनता की ज्वलंत मिसाल हैं, इनकी कड़ी आलोचना होनी चाहिए। लेकिन इनके जवाब में पनौती जैसा शब्द अस्वीकार्य है। राहुल गांधी ने किसी का नाम लेकर पनौती नहीं कहा, लेकिन बेहतर होता वे इस शब्द का जिक्र करके कह सकते थे कि ऐसे अंधविश्वास फैलाने वाले शब्द नहीं कहे जाने चाहिए। असल में राहुल गांधी की राजनीति यही है और इसलिए उनसे ऐसी उम्मीद भी है। जैसे को तैसा वाला अंदाज राहुल की राजनीति का नहीं रहा है, तो अब उन्हें अपनी राह से नहीं भटकना चाहिए। राहुल की बात को अब देश के लाखों लोग गौर से सुनने और मानने लगे हैं। अगर राहुल ऐसे में अंधविश्वास के खिलाफ कोई भी संदेश देते तो निश्चित ही उसका दूरगामी असर होता। अपनी रैलियों में राहुल ने महंगाई, बेरोजगारी, अंधपूंजीवाद, किसान, मजदूर, दलित, ओबीसी, महिलाओं, अल्पसंख्यकों के मुद्दे उठाए हैं। देश को ऐसे ही मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अपने राजनेताओं को बाध्य भी करना चाहिए, क्योंकि आखिर में इसका असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ता है। पनौती जैसे शब्द मूल मुद्दों से ध्यान भटकाते हैं। भाजपा हमेशा ऐसे भटकाव के मौके तलाशती है, राहुल को ऐसा कोई भी मौका भाजपा को नहीं देना चाहिए।

# रोजमर्रा की जिंदगी में एआई के उपयोग और दुरुपयोग पर गहन बहस

■ कल्याणी शंकर

**एआई धोखाधड़ी, हैकिंग प्रयासों और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और उन्हें रोकने के द्वारा चुनाव सुरक्षा बनाये रखने में महत्वपूर्ण है। यह चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान घटनाओं का उपयोग कर सकता है। एआई-संचालित चैटबॉट मतदाताओं को मतदान स्थानों, उम्मीदवार प्रोफाइल और अतिरिक्त महत्वपूर्ण चुनाव संबंधी जानकारी के बारे में सूचित कर सकते हैं।**

वर्तमान विधानसभा चुनाव प्रचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) तकनीक का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है। इसमें हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित गाने बनाना शामिल है। ये गाने इंटरनेट पर वायरल हो गये हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत संदेश भेजने के लिए एआई-संचालित वॉयस क्लोनिंग टूल का उपयोग किया गया है।

तेलुगू में मोदी के डिजिटल रूप से प्रस्तुत गीतों को 20 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसकी तुलना में, उनकी आवाज़ वाला एक तमिल भाषा का गाना 27 लाख से अधिक बार देखा गया है। इसके अलावा, मोदी की आवाज वाले एक पंजाबी गाने को 170 लाख से अधिक बार देखा गया है।

इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी गायिका फालू को पीएम मोदी पर फिल्माए गए उनके गीत 'एबंडेंस इन मिलेट्स' के लिए ग्रैमी नामांकन मिला है।

कांग्रेस और भाजपा ने एआई-संचालित वॉयस क्लोनिंग टूल का इस्तेमाल किया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसके लिए उल्लेखनीय हैं। कुछ टेलीविजन चैनलों ने उड़िया, कन्नड़ और हिंदी में एआई टीवी एंकर पेश किये हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने भारत में स्वास्थ्य सेवा को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। उन्नत निदान, उपचार और रोगी देखभाल उपकरणों ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार किया है।

विश्व आर्थिक मंच की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई पर भारत का खर्च 2025 तक 11.78बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। यह 2035 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 1 ट्रिलियन डॉलर जोड़ने में योगदान देगा। प्रधानमंत्री मोदी भारत में एआई विकास को बढ़ावा देने के इच्छुक हैं।

ये सब हमें इस सवाल पर लाते हैं कि क्या एआई धीरे-धीरे दुनिया पर कब्जा कर रहा है। 1 नवंबर को ऐतिहासिक बैलेचले पार्क में यूके द्वारा आयोजित पहले एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन में, राजनीतिक और उद्योग जगत के नेताओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के खतरों पर चर्चा की। इस बात पर भी ध्यान दिया गया कि प्रौद्योगिकी को सुरक्षित रूप से कैसे विकसित किया जाये। संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ सहित लगभग 28 देशों ने उसमें भाग लिया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया। भारत का प्रतिनिधित्व राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने किया। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि एआई और तकनीक अच्छाई, सुरक्षा और विश्वास का प्रतिनिधित्व करें।'

एआई में तेजी से हो रही प्रगति भय के साथ-साथ उत्साह भी पैदा कर रही है। प्रतिभागियों में विनाशक से लेकर आशावादी तक शामिल थे, जिन्हें आशा थी कि एआई मानवता को बचायेगा। उन्होंने मुद्दे की वैश्विक प्रकृति को संबोधित किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की आवश्यकता पर बल दिया।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि वह कंप्यूटर पर मानवता का नियंत्रण खोने से चिंतित हैं। साइबर हमलों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की भूमिका पर भी चर्चा की गई। एआई ऐसे पैमाने और गति का प्रतिरूपण कर सकता है जिसके बारे में कभी पता नहीं चला। इनसे वैश्विक वित्तीय व्यवस्था चरमरा सकती है और लोकतंत्र को ख़तरा हो सकता है। भारत दिसंबर में एक और बैठक की मेजबानी करने की योजना बना रहा है।

मेजबान देश के रूप में, यूके एआई के उभरते रूपों की सुरक्षा की जांच करने के लिए एक आधिकारिक एआई सुरक्षा संस्थान के गठन की घोषणा करने वाला पहला देश था।

सम्मेलन के अंत में, घोषणा में कहा गया: 'बैलेचले घोषणा सुरक्षित, जिम्मेदार एआई विकास पर जोर देती है, जोखिमों को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आग्रह करती है, और वैश्विक लाभों को बढ़ावा देती है।'

आशंकाओं में से एक है नौकरियां खोना... गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने स्वीकार किया, 'ज्ञानी कार्यकर्ता, लेखक, अकाउंटेंट, आर्किटेक्ट और, विडंबना यह है कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को अपनी नौकरियों पर खतरा होगा।'

जेनेरिक एआई उपकरणों का उपयोग करने वाले आतंकवादी समूहों की चिंता और यह डर कि एआई मनुष्यों द्वारा बेकाबू हो सकता है, अतिरिक्त चिंताएं हैं। आने वाले वर्ष में एआई चिंताओं में वास्तविक समय साइबर सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला दक्षता, सॉफ्टवेयर विकास त्वरण और ग्राहक सेवा स्वचालन शामिल होंगे।

एआई के नुकसान हैं, जैसे संभावित नौकरी विस्थापन और नैतिक चिंताएं, रचनात्मकता और सहानुभूति जैसे मानवीय गुणों को खोने की संभावना, उच्च लागत और जटिलता, विश्वसनीयता के मुद्दे और प्रौद्योगिकी पर निर्भरता। यह नकारात्मक विचारों को मानवता के नजरिये से नहीं देख सकता या कारण और प्रभाव को नहीं समझ सकता। यह समय को भी नहीं समझ सकता।

दूसरी ओर, समर्थकों का दावा है कि एआई कार्यों को स्वचालित करके, डेटा का विश्लेषण करके, निर्णय लेने, 24/7 कार्य संचालन करने, त्रुटियों को कम करने और सुरक्षा सुनिश्चित करके दक्षता में सुधार करता है। मतदाता पंजीकरण और सत्यापन के लिए एआई का उपयोग किया जा सकता है। मतदाताओं के व्यवहार के पूर्वानुमानित विश्लेषण के लिए एआई का उपयोग करने से राजनेताओं को लाभ होगा। एआई भावनाओं को मापने और राजनीतिक अभियानों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया का विश्लेषण कर सकता है ताकि उनके संदेशों को तैयार किया जा सके।

इसके अलावा, एआई धोखाधड़ी, हैकिंग प्रयासों और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने और उन्हें रोकने के द्वारा चुनाव सुरक्षा बनाये रखने में महत्वपूर्ण है। यह चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान घटनाओं का उपयोग कर सकता है। एआई-संचालित चैटबॉट मतदाताओं को मतदान स्थानों, उम्मीदवार प्रोफाइल और अतिरिक्त महत्वपूर्ण चुनाव संबंधी जानकारी के बारे में सूचित कर सकते हैं।

इस पहले शिखर सम्मेलन ने सफलतापूर्वक इन लोगों को एक साथ मेज पर लाया और एआई पर चर्चा की। इसके फायदे और खतरे पर विचार विमर्श हुआ। इस शिखर सम्मेलन ने सफलतापूर्वक इन विश्व नेताओं को एक मंच पर एक साथ ला दिया। अभी तक एआई के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था नहीं बनी है।

आख़िरकार, हमें इन सवालों का जवाब ढूंढना होगा कि क्या हमें सभी नौकरियां स्वचालित कर देनी चाहिए, जिनमें संतुष्टि देने वाली नौकरियां भी शामिल हैं? क्या हमें ऐसे गैर-मानवीय दिमाग विकसित करने चाहिए जो अंततः संख्या में हमसे आगे निकल जायें, हमसे चतुराई से आगे निकल जायें और हमारी जगह ले लें? क्या एआई एक खतरनाक या स्वागतयोग्य तकनीक है?

फिर भी, एआई को पूरी गति से अपनाने में समय लगेगा। यही एआई मुद्दे की जड़ है। यह अभी भी शुरुआती चरण में है। विश्व नेताओं और उद्योग जगत के नेताओं को नियामक प्रणाली पर अपना दिमाग लगाना चाहिए। दुष्ट उपयोगकर्ताओं को नियंत्रित किया जाना चाहिए। सभी देशों को नियमों और विनियमों को स्वीकार करना होगा।

## पावन प्रसंग

# असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले-'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए। अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# वैश्विक देशों का भारत के प्रति तर्कसंगत राजनयिक विश्वास

भारत के पांचवी आर्थिक शक्ति बनने के बाद इजराइल-हमास के विनाशकारी युद्ध हमास का आतंकवादी चेहरा और इजरायल की बदला लेने की सनक के साथ रूस के तानाशाह व्लादिमीर पुतिन के परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की यूक्रेन तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध धमकी ने अमेरिका, ब्रिटेन,फ्रांस, कनाडा, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों को चिंता में डाल दिया है। ऐसे में विश्व के देशों ने भारत की ओर आशा लगाकर भारतीय प्रधानमंत्री से यह उम्मीद की जा रही है कि भारत के प्रधानमंत्री इजरायल अमेरिका और फिलिस्तीन के साथ ईरान, इराक, सऊदी अरब के नेताओं के मध्य संवाद करवा कर शांति का रास्ता निकालने का प्रयास करेंगे, दूसरी तरफ पुतिन को अपने पुराने संबंधों के चलते विश्व शांति का पाठ पढ़ा सकते हैं। भारत की विश्व में नई सामरिक तथा आर्थिक स्थिति अब पहले से ज्यादा कई गुना मजबूत हो गई है। अब भारत अपनी बात हर तरह से मनवाने में सक्षम भी है। दूसरी तरफ इंग्लैंड के प्रधानमंत्री के सामने भारत से अपने मूल रूप से संबंध अच्छे करने की चुनौती भी है।

उज़्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन की अति महत्वपूर्ण बैठक में भारत ने अपनी नई दमदार विदेश नीति का आगाज किया है। भारत अब वो पुराना भारत नहीं रहा है। इस बात को दुनिया के सामने इस संगठन की बैठक में भारत ने बड़ी मजबूती के साथ रखा है। भारत की विदेश नीति के तहत भारत किसी एक मजबूत राष्ट्र का सहारा न लेकर रूस और अमेरिका को एक ही तराजू में तौल रहा है। भारत की नई कूटनीति तथा विदेश नीति की धमक अब स्पष्ट रूप से इस संगठन की बैठक में दिखाई दी है। भारत में अपनी कूटनीति के चलते बैठक में उपस्थित चीन तथा पाकिस्तान को दरकिनार कर पूरे विश्व को समझा दिया है कि चीन और पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गए हैं। इसी तरह यूक्रेन के मामले में भारत में रूस के व्लादिमीर पुतिन को साफ-साफ शब्दों में वैश्विक शांति की बातें समझाई है। अमेरिका को भी भारत ने समझा दिया है कि रूस और यूक्रेन मामले में वह अमेरिकी दबाव में न आकर वह रूस को मौन समर्थन देना नहीं छोड़ेगा और इसके अलावा रूस से अपने व्यवसायिक रिश्ते बनाकर क्रूड आयल, डीजल तथा पेट्रोल की खरीदी निरंतर जारी रखेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने विगत 3 वर्षों से अपनी विदेश नीति कुछ इस तरह निर्धारित की है कि जिसमें बड़े राष्ट्रों पर केंद्रित न होकर वह हर राष्ट्र से संबंध बनाकर वैश्विक जगत में अपनी नई स्वतंत्र विदेश नीति का आगाज करने जा रहा है। आने वाले समय में भी भारत की विदेश नीति एवं भारतीय गणतंत्र एक नई विदेश नीति लेकर उभरेगा।

भारत को संभवतः शंघाई सहयोग संगठन और जी-20 तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद जैसे महत्वपूर्ण संगठनों में अध्यक्षता का अवसर भी मिलेगा क्योंकि आने वाले वर्ष में भारत वर्ष में ही शंघाई संगठन सहयोग और जी-20 की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने वाली हैं। जी 7 देशों में भी जर्मनी तथा कुछ अन्य देश इस समूह में भारत को शामिल करना चाहते हैं। इस तरह इन देशों के समर्थन से भारत जी 7 का महत्वपूर्ण हिस्सा भी बन सकता है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने अपने को स्वतंत्र विदेश नीति का पोषक बना कर रखा है और विगत वर्षों से भारत ने अपने को एक गुट निरपेक्ष राष्ट्र की तरह वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा ताजा-ताजा चीन-ताइवान तथा अमेरिकी द्वंद में भारत ने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के तहत एक अलग मध्यम मार्ग बनाए रखा है।

**संजीव ठाकुर**

## सार समाचार

### जुआ खेलते हुए जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा पुलिस द्वारा ग्राम तेलीगांव में जुआ के फड पर दबिश देकर तीन जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तेलीगांव में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो बिजली पावर हाउस तेलीगांव के पास कुछ लोग जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम राजकुमार लोधी पुत्र फूल सिंह लोधी, विजय सिंह भील पुत्र बाकमुकन्द भील एवं रामलखन लोधी पुत्र शिवचरण लोधी निवासीगण ग्राम तेलीगांव बताया। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं नगद 1205 रुपए बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### भार्गव कॉलोनी से एक्टिवा चोरी

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत भार्गव कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एक एक्टिवा को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राजीव कुमार चतुर्वेदी निवासी भार्गव कालोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि विगत दिनों वह सुबह करीबन 10.30 बजे मैंने अपनी एक्टीवा क्रमांक एमपी 08 एमजी 4405 को अपने घर के सामने खड़ी कर दी थी। जिसके बाद स्कूल पढ़ाने चले गए थे। कुछ समय बाद जब उनकी बेटी वंदिता चतुर्वेदी ने गाड़ी लेने आई तो गाड़ी गायब थी। जिसकी सूचना उसने अपने पिता को फोन पर दी कि कोई अज्ञात चोर उनकी एक्टिवा गाड़ी को लेकर चला गया है। इस दौरान उन्होंने काफी दिनों तक गाड़ी को तलाश किया लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चल सका। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

### मोटसाईकिल सवार युवक को ट्रेक्टर चालक ने रौंदा

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत मोहरीकलां गांव के पास से एक मोटरसाईकिल सवार युवक को बेकाबू तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने रौंद दिया। जिसमें मोटरसाईकिल सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिसे गुना के निजी अस्पताल में उपचार के भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले अशोकनगर के कचनार थानांतर्गत अमाई निवासी प्रदीप रघुवंशी अपने चाचा महावीर रघुवंशी के साथ अलग-अलग बाईकों से गांव से आरोन आ रहे थे। जिसमें प्रदीप रघुवंशी अपनी बाईक से जैसे ही मोहरीकला गांव के आगे निकले, तभी सामने से रामवीर रघुवंशी अपने बिना नम्बर के ट्रेक्टर-ट्रॉली को तेजी व लापरवाही से गलत साईड से चलाता हुआ लाया और प्रदीप की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे प्रदीप मोटर साइकिल सहित रोड पर गिर गया था। जिससे उसके सिर में चोट आकर खून निकलने लगा था और शरीर में भी कई जगह चोटे आई है। वहीं मोटर साइकिल टूट फूट हो गई। घटना के बाद ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर लेकर भाग गया। वहीं प्रदीप को उसके चाचा ने अपनी मोटर सायकिल से पहले आरोन अस्पताल फिर गुना में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जमीन विवाद में भिड़े ताऊ-चाचा के परिवार

# जमकर चले लाठी-डंडे, उभयपक्षीय प्रकरण दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत ग्राम बांसखेड़ी में जमीनी विवाद में ताऊ-चाचा के परिवार आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने भी दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुदामा पुत्र सरदार किरार ने अपनी मां कमला बाई के साथ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उनके ही ग्राम के रहने वाले उनके ताऊ एवं उसके लडक़ों से पानी को लेकर पुराना विवाद चला आ रहा है। ताऊ के परिजनों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इसी बात पर से गत शाम जब वह और उनकी माताजी खेत पर थे। तभी ताऊ पक्ष की सुमन बाई, गौतम, अर्जुन एवं मनोज आए और गाली गलौंच कर लाठी-डंडे, पावड़े से हमला कर दिया। जिसमें वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी अर्जुन पुत्र रमेश किरार ने बताया कि वह गत शाम अपने खेत वाले मकान पर थे। तभी मुझे बाहर चिल्ला चोट की आवाज आई तो उन्होंने बाहर आकर देखा कि उनका भतीजा केशव, गौतम, भाई मनोज किरार, माताजी सुशीला बाई को सुदामा गाली गलौंच कर रहा उसके बाद उसके पिता सरदार भी गया, जो कि गाली गलौंच करने लगा। सुदामा ने हाथ में गड़ासी ले रखी थी जिससे उसने फरियादी पर हमला कर दिया। वहीं उनके पिता के साथ भी मारपीट की। मारपीट में उनके भाई, माताजी एवं दोनों भतीजों को चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

**खेत से रास्ता देने पर मना किया तो कर दी मारपीट :** इधर बमोरी थानांतर्गत नोनेरा में खेत में रास्ता देने को लेकर तीन व्यक्तियों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी जितेन्द्र पुत्र प्रेमनारायण जाति अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह गत शाम गांव के रमेश अहिरवार के घर के सामने खड़ा था। तभी वहां रमेश अहिरवार, गजरा आदिवासी, बन्टी अहिरवार आए और मुझसे मेरे खेत में से जाने के लिए रास्ता मांगने लगे। जब जितेन्द्र ने रास्ता देने से मना कर दिया तो तीनों ने उसके साथ गाली गलौंच कर लाठी से मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### हादसे के बाद जागा प्रशासन, मंडी गेट पर तैनात किए 2 जवान



**गुना, देशबन्धु।** नानाखेड़ी मंडी गेट पर जाम के बीच बीती शाम हादसे में हुई एक व्यक्ति की मौत के बाद बुधवार को सतर्कता बरती गई और मंडी गेट के बाहर सडक़ पर पुलिस को तैनात किया गया। ताकि इस रोड पर जाम नहीं लगे और फिर वैसी स्थिति निर्मित नहीं हो जो मंगलवार शाम को हुई। उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम को मंडी गेट पर लगे वाहनों के जाम के बीच अशोकनगर निवासी बाबूलाल कुशवाह को एक ट्राला टक्कर मारते हुए रौंदते हुए निकल गया था। हादसे में बाबूलाल कुशवाह की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद सिस्टम को लेकर लोगों में खाशी नाराजगी दिखी थी। दरअसल इन दिनों लंबी छुट्टी के बाद सोमवार से खुली नानाखेड़ी मंडी में किसान ट्रेक्टर ट्रालियां लेकर अपने अनाज को बेचने पहुंच रहे हैं। जिसके चलते इस रोड पर वाहनों का अत्यधिक दबाव है। जरा सी देर में वाहनों के लंबे जाम लग जाते हैं। इसका असर एबी रोड तक के यातायात पर पड़ता है। ऐसे में हादसे से सबक लेते हुए आज यहां दो पुलिस जवानों की तैनाती की गई है, जो वाहनों को एक के बाद एक निकलवाते रहे।

## पानी की मोटर चोरी मामले में रिपोर्ट कराने पर भिड़े 2 पक्ष, जमकर हुई मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम नलखेड़ा में पानी की मोटर चोरी संबंधी रिपोर्ट के मामले में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों ने एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामले दर्ज किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी नरेश मीना ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह अपने घर के सामने हरस्वपरूप से पूछ रहा था कि तुम लोग हमारा नाम मोटर चोरी में क्यो ले रहे हो, चलों मंदिर पर कसम खाते हैं। तभी भगवान सिंह मीना हाथ में लुहांगी लेर आया और उस पर हमला कर दिया। वहीं हरस्वरूप एवं श्रीलाल मीना ने भी डंडे से मारपीट कर दी।

मारपीट में फरियादी बुरी तरह घायल हो गया। जिसे बीनागंज अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इधर दूसरे पक्ष के फरियादी श्रीलाल मीना पुत्र मथुरालाल मीना ने अपने ममेरे भाई रामबाबू मीना के साथ घायल अवस्था में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत शाम उसके घर के सामने गांव का मनीष मीना मिला तो उसने उससे कहा कि हमारी पानी मोटर वापिस कर दो। जिस पर मनीष ने गाली गलौंच कर कहा कि तुमने हमारी रिपोर्ट क्यो की है। जिस पर फरियादी ने कहा कि तुम्हारी रिपोर्ट नहीं की अज्ञात व्यक्ति की रिपोर्ट की है।

इसी बात पर मनीष, मन्नू मीन, विष्णु मीना, देवेन्द्र मीना आदि ने लाठी-डंडे, फर्सा से हमला कर दिया। उसे बचाने आए उसके लडके भगवानसिंह व हरस्वरूप मीना पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 341, 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### खाटू श्याम भजन संध्या 20 दिसंबर को



**गुना, देशबन्धु।** बाबा श्याम के जन्म उत्सव पर आगामी 20 दिसंबर को स्थानीय होटल नवलोक स्टेशन रोड गुना में श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। एक श्याम खाटू श्याम बाबा के नाम से आयोजित इस भजन संध्या में बाबा श्याम के लाडले और श्याम जगत की जानी-मानी हस्ती सुप्रसिद्धभजन गायक संजीव शर्मा बिहार से गुना बाबा श्याम की प्यारे प्यारे भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर गुना की शान और प्रसिद्ध भजन गायक जयकुमार प्रजापति अलबेला भी अपने भजनों से बाबा को बुलाएंगे। यह आयोजन श्री श्याम लखदातार मित्र मंडल के तत्वाधान में द्वितीय वर्ष आयोजित किया जा रहा है। जिसमें श्री श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। वही बाबा को छप्पन भोग का भोग भी लगाया जाएगा तथा इत्रवर्ष भी की जाएगी।

### वृद्धा के साथ बेटे ने बहू के बहकावे में आकर की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत भुल्लनपुरा निवासी एक बुजुर्ग महिला के साथ उसी के बेटे ने अपनी पत्नी के बहकावे में आकर मारपीट कर दी। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय फरियादिया लक्ष्मीबाई पति स्व. मांगीलाल जाटव घरेलू कार्य कर अपनी आजीविका चलाती हैं। उनके 7 बच्चे हैं, जिनमें 4 लडकी व 3 लडके हैं। 3 लडकों में बड़ा लडका मदन जाटव शांत हो चुका है तथा बीच वाला लडका नीतू जाटव तथा छोटा लडका लक्ष्मण जाटव उनके साथ ही मकान में रहते हैं। लक्ष्मण की अभी शादी नहीं हुई है। वहीं वृद्धा मकान में अलग से रहकर खाना बनाती है। गत रात्रि को वह अपने लडके लक्ष्मण से बोल रही थी कि तू हमेशा बीमार बना रहता है इससे अच्छा तो तू नहीं होता तो अच्छा था।

## जागृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी देव उठनी ग्यारस



**गुना, देशबन्धु।** पन्द्रह दिवसीय दीपोत्सव महापर्व की भव्य पूर्णाहूति देव प्रबोधिनी एकादशी पर देव जाग्रत करने के साथ संपन्न होगी। विराट हिन्दू उत्सव समिति के प्रमुख कैलाश मंथन के मुताबिक भारतीय संस्कृति में देव उठनी ग्यारस का विशेष महत्व है। हर शुभ कार्य का शुभारंभ देव प्रबोधिनी से करना विशेष शुभ माना जाता है।

प्रत्येक प्राणी में आत्मतत्व विद्यमान है। अंदर सोऐ हुए देव को जाग्रत कर सृष्टि के विकास में सहायक बनना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। आत्मतत्व को जाग्रत करने से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए सनातन धर्म के तहत प्रत्येक परिवार में देवों को जाग्रत कर जीवन की नई शुरूआत की जाती है। देव उठनी ग्यारस के तहत अंचल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हिउस प्रमुख कैलाश मंथन के मुताबिक सभी धार्मिक केंद्रों पर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की जाएगी एवं संध्याकाल प्रबोधिनी एकादशी महोत्सव के तहत देवों को जाग्रत किया जाएगा।

लाखों भक्तों ने अन्नकूट में महाप्रसादी ग्रहण की, पन्द्रह दिवसीय दीपोत्सव की होगी पूर्णाहूति कोई भी प्राणी भूखा न रहे इसी भावना के साथ अन्नकूट आदि महोत्सव संपन्न होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय परिषद के प्रांतीय प्रचार प्रमुख कैलाश मंथन ने बताया कि अंचल से मिली जानकारी के मुताबिक 500 स्थानों पर 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दस दिवसीय अन्नकूट महोत्सव में महाप्रसादी ग्रहण की। अकेले गुना शहर में प्रतिदिन औसतन 10 स्थानों पर विशाल अन्नकूट के भंडारे संपन्न हुए। गुना शहर में करीब पांच लाख लोगों ने महाप्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट के अंतिम दिवसों पर जयस्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा, दुर्गा मंदिर, उदासी आश्रम, पठार मोहल्ला, कलेक्टोरेट सदर बाजार सहित अन्य स्थानों पर विशाल भंडारे संपन्न हुए। वहीं मंडी, बजरंगगढ़, टेकरी, बूढ़ेबालाजी सहित शहरभर में हुए बड़े अन्नकूट में 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। अंचल के बमोरी, गुना ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पुष्टिभक्ति केंद्रों सत्संग मंडलों में भी श्री ठाकुर जी को छप्पन भोग की महाप्रसादी का भोग लगाया गया। बमोरी अंचल के करीब एक सैकड़ा स्थानों पर एक लाख श्रद्धालु शामिल हुए।

## स्वच्छ दीवाली, शुभ दिवाली के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित




**आष्टा, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत के शासकीय हाई स्कूल अलीपुर में प्राचार्य आजाद सिंह धांसू द्वारा स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रायसिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी का स्वागत किया। स्वछता ब्रांड एंबेसडर श्री मेवाडा ने स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में बताया और स्वच्छता की शपथ दिलाई, शासकीय हाई स्कूल में छात्र एवं छात्राओं के द्वारा स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें रंगोली के माध्यम से 1 वोकल फॉर लोकल, 2 ग्रीन दिवाली, 3 नो सिंगल यूज प्लास्टिक, का उपयोग नहीं करने के बारे में नगरवासियों को समझाया गया था। प्रतियोगिता में अव्वल आए विद्यार्थियों को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्री मेवाडा एवं सीएमओ श्री सक्सेना द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम ज्ञान सिंह बामनिया, मनीष श्रीवास्तव मनीष, लखन प्रजापति, संस्था प्राचार्य आजाद सिंह धांसू श्रीमती नगमा खान, समीना, अफरोज, मधु, लता पथरी, सेवाराम वर्मा, मेहरबान सिंह परमार, रेशमा शेख, वीरेंद्र कुमार जैन, राम सिंह परमार, आयशा परवीन, बरखा जैन, आत्माराम सितोलिया और प्रदीप मेवाड़ा मौजूद रहे।

## एस.बी.एस.कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में लगा बाल मेला



**आष्टा, देशबन्धु।** एस.बी.एस. कन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजन -भेलपुरी, पानी पुरी, फ्रूट्स सलाद, आलू टिक्की आइसक्रीम, डांस हाउस विभिन्न प्रकार की गेम्स एक्टिविटी और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे चंद्रयान-3 स्कूल मॉडल आदि प्रस्तुत किए। जिसमें विद्यालय के संचालक भोलू सिंह ठाकुर, सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर, प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर, शिक्षक महेंद्र ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, शिक्षिका तेजू मेवाड़ा, अक्षिता सेन, रानी ठाकुर, नेहा पांचाल, पूर्वा जैन, ज्योति जैन आदि द्वारा बाल मेले का अवलोकन किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल व्यंजन का आनन्द लिया गया।

## जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने दिया आदेश



**गुना, देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग के अध्यक्ष सुरेश सुरेश कुमार चौबे ने गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाया। आयोग ने भोपाल के सांई छाया ऑटो लिंक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक प्रबंधक द्वारा वाहन मालिक से मरम्मत के लिए कैशलेस बीमा के बावजूद नगद राशि जमा कराने का कृत्य सेवा में कमी और अनुच्छेद व्यापार प्रथा माना है। आयोग ने वाहन मालिक को 23640 रुपए 7 फीसदी ब्याज दर से दिलाए जाने एवं मानसिक कष्ट के 5 हजार रुपए सहित अभिभाषक शुल्क, वाद व्यय आदि दिलाने का आदेश दिया है। परिवादी के वकील मोहर सिंह लोधी ने बताया कि बड़े जैन मंदिर चौधरी मोहल्ला निवासी मनीष शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा के स्वामित्व के चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 04 सीजेड 0264 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसकी मरम्मत के लिए साइ छाया ऑटो लिंक प्राइवेट लिमिटेड गोविंदपुरा भोपाल के सर्विस सेंटर पर ले गए थे। जहां उनके द्वारा संपूर्ण मरम्मत का खर्च 76146 बताया और बीमा जीरो डेप्ट यानी सेटलमेंट टाइप कैशलेस होने पर भी आवेदक मनीष शर्मा से 76146 रुपए नकद जमा करा लिए गए और कहा कि बीमा कंपनी से जब राशि आएगी तो संपूर्ण राशि आपके खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। उक्त बीमित वाहन की जब राशि आवेदक को प्राप्त हुई तो वह 76140 के बजाय 51505 रुपए थी। इस संबंध में आवेदक ने सर्विस सेंटर को शिकायत की लेकिन उनके द्वारा ना तो बकाया राशि वापस की गई और ना ही संतोषजनक जवाब दिया।

इस पर से जिला उपभोक्ता विवाद प्रति पोषण आयोग गुना में परिवाद दायर किया गया। सर्विस सेंटर सहित वहां मैन्युफैक्चर कंपनी और बीमा कंपनी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड आदि को पार्टी बनाया। मामले की संपूर्ण सुनवाई उपरांत 22 नवंबर 2023 को आयोग के अध्यक्ष सुरेश कुमार चौबे एवं सदस्य शबीना अली ने संयुक्त रूप से साइ छाया ऑटो लिंक प्राइवेट लिमिटेड के संचालक को आवेदक से राशि जमा करने के कृत्य को सेवा में कमी एवं अनुच्छेद व्यापार प्रथा पाया और आवेदक मनीष शर्मा को 23640 रुपए 75 पैसे की राशि का भुगतान करने और उस पर 19 जुलाई 2021 से 7 फीसदी वार्षिक ब्याज देने के आदेश दिए।

## श्रीमाधव महाकाल आश्रम में तुलसी शालिग्राम विवाह महोत्सव



**सीहोर, देशबन्धु।** सनातनी संस्कृति और परंपरा एवं संस्कार को सदैव अग्रणी रखकर चलने वाले संस्थान श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम में 3 दिवसीय तुलसी शालिगराम विवाह सम्मेलन आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कथा व्यास संत पंडित मोहितराम पाठक के सानिध्य में आयोजित होगा। जिसमें एकादशी उद्यापन एवं भगवान गोवर्धन के छप्पन भोग के साथ अन्नकूट भण्डारा भी किया जाएगा। का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज पहले दिन भगवान शालिग्राम माता तुलसी का हल्दी चंदन एवं मंडप पूजन गणेश पूजन आश्रम परिवार के माता बहनों एवं समिति द्वारा किया गया। आज एकादशी पर उद्यापन के बाद भगवान शालिग्राम और तुलसी मैया का विवाह किया जाएगा। 24 नवंबर सुबह 11 बजे से भव्य अन्नकूट का आयोजन श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सैंकडखेड़ी रोड सीहोर के तत्वावधान में आयोजित किया।

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद हेलमेट के लिए चालान काटने सड़कों पर उतरी यातायात पुलिस

# इधर सवारियों से भरे ओवरलोड वाहन उड़ाते रहे नियमों की धज्जियां

*गुना, देशबन्धु। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद एक बार फिर जिला पुलिस ने हेलमेट नहीं पहनने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को ही जयस्तंभ चौराहा, गायत्री मंदिर के सामने, हनुमान चौराहा सहित अन्य जगहों पर पुलिस ने धरपकड़ कार्रवाई कर तीस से अधिक लोगों पर हेलमेट नहीं पहनने पर चालानी कार्रवाई की। हालांकि यह बात दूसरी है कि यातायात पुलिस की यह पूरी कार्रवाई राजस्व वसूली अर्थात चालानी कार्रवाई तक ही सीमित रही। इस दौरान यातायात थाने के सामने ही सवारियों से ओवर लोड वाहन खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए निकले। जिसमें जिला मुख्यालय से आसपास के गांवों तक चलने वाले ऑटो, मैजिकों में छत पर बैठकर एवं पीछे लटककर जान जोखिम में डालकर सवारियां ले जाई गई। लेकिन यातायात पुलिस का इस ओर ध्यान नहीं गया। वहीं दूसरी ओर शहरभर में अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। जिस नानाखेड़ी मंडी गेट पर मंगलवार शाम जाम के कारण एक मजदूर की जान चली गई। उस मंडी गेट पर आधे दिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। शाम होते होते फिर यहां जाम के हालात बिगडने़ लगे।*



*दरअसल बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने बाइक चालकों को हेलमेट लगाने के निर्देश जारी किए हैं। आदेश का सख्ती से पालन कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने अभियान शुरू कर दिया है। 10 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत बुधवार को यातायात पुलिस ने जमकर चालानी कार्रवाई की। जिसमें मुख्यत- जयस्तंभ चौराहा, गायत्री मंदिर के सामने बिना हेलमेट जा रहे वाहन चालकों को रोककर चालानी कार्रवाई की। करीब ढाई दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट नहीं लगाने पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर भी कार्रवाई की। हालांकि कार्रवाई के दौरान स्वयं पुलिसकर्मियों की बिना हेलमेट आवाजाही चलती रही। इस बारे में सूबेदार हर्ष यादव ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद दो पहिया वाहल चालकों का हेलमेट नहीं लगाने एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान हम जनजागरूकता भी फैला रहे हैं।*

*हमारा प्रयास है कि दो पहिया वाहन चालने वाले एवं साथ में बैठने वाले हेलमेट लगाएं। हमारे वरिष्ठ अधिकारियों की मंशा है कि यातायात पुलिस हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर अधिक से अधिक जागरूक करें। क्योंकि सडक़ दुर्घटनाओं में जो मौतें होती है उसमें सबसे अधिक हेलमेट और सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण होती हैं। इसके लिए हम स्कूल, कॉलेज, निजी कंपनियों के प्रमुखों से पत्राचार कर हेलमेट को लेकर जागरूक करेंगे।*

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### बिजली का ट्रांसफार्मर खराब, गांव में 8 दिन से बिजली बंद

**चिचोली, देशबन्धु।** विकासखंड के अंतर्गत मिर्जापुर गांव में पिछले आठ दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों को अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। मिर्जापुर के ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन देकर बताया कि ग्राम मिर्जापुर में नीचे ढाना का एक ट्रांसफार्मर लगभग 1 साल से बंद है अब दूसरा एक और ट्रांसफार्मर पिछले 8 दिन से बंद पड़ा है। मिर्जापुर गांव के नितेश गंगारे गिरिराज, गंगारे योगेश, गंगारे ,बसंत कुमरे, राम जी पन्द्रे ने बताया कि गांव के दोनों ट्रांसफर खराब होने के कारण गांव के लोगों को अंधेरे में रात बिताना पड़ रही है। मोबाइल चार्ज के लिए दूसरे गांव जाना पड़ रहा है वर्तमान समय में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में दीपावली पर्व मनाया जा रहा है। अधिकारियों को ज्ञापन देने के बाद में कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

### मतगणना के लिए तहसील कार्यालय में सामान्य प्रशिक्षण का आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** आगामी 3 दिसंबर को बैतूल जिला मुख्यालय पर होने वाली मतगणना के लिए नगर के तहसील कार्यालय में बुधवार सामान्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुलताई विधानसभा क्षेत्र के समस्त अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को आमंत्रित किया गया था। जिसमें सभी प्रमुख दलों के साथ-साथ निर्दलीय उम्मीदवार एवं उनके अभिकर्ता उपस्थित रह। मुलताई रिटर्निंग ऑफिसर तृप्ति पटैरया एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनामिका सिंह की उपस्थिति में सभी को मतगणना के संबंध में सामान्य दिशा निर्देश दिए गए। मतगणना के दौरान किन बातों का ध्यान रखना है इस संबंध में विस्तार से समझाया गया और मतगणना के लिए अपनी ओर से अभिकर्ता नियुक्त किए जाने के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के साथ मास्टर ट्रेनर एवं इलेक्शन सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रामलीला में बाली के वध की लीला का हुआ मंचन

**मुलताई, देशबन्धु।** ब्लॉक के ग्राम डहुआ में चल रही रामलीला के मंच पर मंगलवार रात श्रीराम द्वारा बाली का वध किए जाने की लीला का मंचन किया गया। जिसके बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान राम एवं सुग्रीव मित्रता की लीला का मंचन किया गया।इस दौरान अमृत बारंगे ने राम,अनिल बारंगे ने लक्ष्मण,लालु बारंगे ने सीता,दिनेश मगरदे ने सबरी,संतोष बुवाड़े ने बाली, घनश्याम मगरदे ने सुग्रीव फुस्या परिहार ने तारा प्रह्लाद परिहार ने हनुमान,मयूर बारंगे ने अंगद,मुन्नू कड़वे ने जामवंत मुन्नू ,कपिल बारंगे ने नील की भूमिका निभाई।

### नशबंदी शिविर का आयोजन

**मुलताई, देशबन्धु।** सरकारी अस्पताल में बुधवार महिला नशबंदी शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुलताई ब्लाक की कुल 82 महिलाओं ने अपना पंजीयन करवाया। हालांकि दोपहर में शिविर शुरू हो पाया, लेकिन महिलाएं सुबह से ही अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंच चूंकि थी, दोपहर तक डॉक्टर के नहीं आ पाने के कारण शिविर शुरू नहीं हो पाया।

पारड़सिंगा गांव में देर रात हुआ हादसा, 2 दमकलों ने काफी मशक्कत के बाद बुझाई आग

# आग लगने से फटा गैस सिलेंडर, 2 मकान जले, लाखों का नुकसान



**मुलताई, देशबन्धु।** ब्लॉक के ग्राम पारड़सिंगा में मंगलवार की देर रात में एक ग्रामीण के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण घर के किचन में रखा गैस सिलेंडर फट गया जिसके चलते दो मकान जलकर राख हो गए। आग लगने से मकानों में रखा अनाज, गृहस्थी का सामान भी जल गया। बताया जाता है मंगलवार रात करीब 2 बजे ग्राम पारडसिंगा में नरसिंग गावंडे के मकान में आग लग गई। आग ने मकान से सटे लक्ष्मण गावंडे के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। दोनों मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं हो पाया। सूचना मिलने पर नगर पालिका से दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मचारी मनोज सिंग,दीपक अहिरवार,सुमित पूरी,गिरीश पिपले, धनराज पवार ने आग बुझाई, लेकिन जब तक दोनो मकान में रखे 30 बोरे गेहूं,15 बोरे सोयाबीन ,10 बोरे मक्का,8 बोरे धान,30 हजार रूपए नगद के साथ, सोने एवं चांदी के करीब डेढ़ लाख रुपए से अधिक कीमत के जेवर सहित गृहस्थी का सामान जल गया। दोनों मकान स्वामियों ने बताया कि आगजनी में जरूरी कागजात भी जल गए। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जाता है।

## साप्ताहिक बाजार में सुविधाएं नहीं, नपा के खिलाफ खुदरा व्यापारी संघ खोलेगा मोर्चा



**सारनी, देशबन्धु।** जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में तीन साप्ताहिक बाजार लंबे समय से संचालित हो रहे हैं लेकिन इन साप्ताहिक बाजारों में मूलभूत सुविधा का अभाव बना हुआ है। इसको लेकर खुदरा व्यापारी संघ एक बार फिर नगर पालिका के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में जुट गया है। 3 दिसंबर को आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद साप्ताहिक खुदरा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के माध्यम से नगर पालिका के खिलाफ मोर्चाबंदी करने का ऐलान किया गया है। साप्ताहिक खुदरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि तीनों साप्ताहिक बाजारों में सुलभ शौचालय, स्टेट लाइट,व्यापारियों के बैठने के लिए चबूतरे की सुविधा नहीं है। ऐसी स्थिति में व्यापारियों के माध्यम से जुलाई माह में 400 से अधिक व्यापारियों को एक साथ लेकर नगर पालिका का घेराव किया गया था जहां पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने दो माह में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 5 माह का लंबा समय बीत जाने के बाद भी काली माई, पाथाखेड़ा और सारनी के साप्ताहिक बाजार में सुलभ शौचालय, पेयजल की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। बताया जाता है कि नगर पालिका में ऑफलाइन काम पार्षदों को दिया जा रहा है जिसकी वजह से साप्ताहिक बाजारों में चबूतरा बना दिया गया है लेकिन पानी की टंकी नहीं लगाई गई इसकी शिकायत कलेक्टर कर इसकी भी जांच की मांग करवाई जाएगी।

खुदरा व्यापारी संघ की अध्यक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि साप्ताहिक बाजारों में नगर पालिका वसूली करती है ऐसी स्थिति में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को मूलभूत सुविधा दिया जाना चाहिए। दिसंबर माह के पहले सप्ताह में एक बार फिर साप्ताहिक बाजार के छोटे-बड़े सभी व्यापारी मिलकर नगर पालिका परिषद सारनी का घेराव करके मूलभूत सुविधा बहाल करने की मांग करेंगे।

## चुनाव में दूसरे प्रदेशों से आए होमगार्ड के जवान वापसी को लेकर हो रहे परेशान



**बैतूल, देशबन्धु।** प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए अन्य राज्यों से आए होमगार्ड के जवान वापसी को लेकर परेशान हो रहे है। मतदान समाप्त होते ही सभी होमगार्ड ने अपने-अपने राज्य की ओर लौटने की तैयारी की थी लेकिन ट्रेन लेट होने की वजह से होमगार्ड जवानों को हमलापुर के छात्रावास में समय व्यतीत करना पड़ रहा है। कुछ जवान बुखार से पीड़ित होने के बाद भी प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली। कर्नाटक से लगभग 4000 होमगार्ड के जवान आए थे। जिले के अलग-अलग भागों में ड्यूटी कर रहे थे। चुनाव समाप्त होने के बाद सभी होमगार्ड के जवान अपने-अपने क्षेत्र में वापस जाने के लिए परेशान हो रहे है लेकिन प्रशासन ने कोई व्यवस्था नहीं की है।

होमगार्ड जवानों ने बताया कि उन्हें छात्रावास में ठहराया गया है 11 तारीख से यहां रुके हुए है, कोई एक अधिकारी ने आकर हमारी सुध नही ली है। 18 को रवाना होना था अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे है। होमगार्ड सैनिकों का आरोप है कि जिला प्रशासन जो खाना उन्हें दे रहा है एक तो वह बहुत कम रहता है दूसरा उसकी गुणवत्ता भी खराब है। पीने को पानी और सोने के लिए बिस्तर भी नही दिया गया, बीते एक सप्ताह से सभी होमगार्ड सैनिक ठंडे फर्श पर चादर बिछा कर सोने को मजबूर है, जिसकी वजह से सैनिक बीमार पड़ रहे है और उन्हें देखने वाला भी कोई नही है। उन्हें घर जाने की चिंता सता रही है। होमगार्ड सैनिक रवि कोड़ी ने बताया कि किसी जवान के घर पर बुजुर्ग की मृत्यु हो गई है किसी के परिवार में कोई परेशानी है ऐसी स्थिति में भी जवान यहां फंसे हुए हैं।

## शोभापुर में बैंक शाखा के सामने से मोटरसाइकिल चोरी




**सारनी, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की उपनगरी शोभापुर के भारतीय स्टेट बैंक के सामने से सोमवार दोपहर में मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 48 एम व्याय 9149 हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मोटरसाइकिल मालिक कृष्णा पटेल ने इसकी लिखित शिकायत पाथाखेड़ा पुलिस को की है। आश्चर्य की बात किया है की दिनदहाड़े 11:30 बजे के लगभग इस वारदात को अंजाम दिया गया। शोभापुर कॉलोनी का पुलिस सहायता केंद्र लंबे समय से बंद है और क्षेत्र में पुलिस की गस्ती भी ना के बराबर हो गई है। जिसकी वजह से चोरों की हौसले बढ़ते जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पाथाखेड़ा के 16 वार्ड में एक माह के भीतर लगभग पांच अलग-अलग स्थान पर चोरी की वारदातें हो चुकी है। जिसका खुलासा करने में पाथाखेड़ा पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। शोभापुर निवासी कृष्णा पटेल ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल जो चोरी हुई थी इसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी गई पुलिस के माध्यम से चोरी की घटना की जानकारी लगने के बाद शोभापुर के भारतीय स्टेट बैंक पहुंचकर स्टेट बैंक और आसपास के व्यापारियों के माध्यम से लगाए गए सीसी कैमरा के फुटेज निकाले गए है।

# प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज ने सहस्त्रबाहु जयंती मनाई**

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी के रेलवे स्टेशन रोड स्थित सांवरिया लान में हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज मुलताई द्वारा श्री श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जिला स्तरीय जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती समारोह कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव भगवान सहस्त्रबाहु के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना के साथ आरती के साथ की गई। इसके उपरांत मुलताई कलार समाज द्वारा जिला स्तरीय जयंती समारोह में पधारे कलार समाज के जिला अध्यक्ष मनोज आर्या, संतोष मालवीय, राजेंद्र जैसवाल, धर्मेंद्र पटेल, डॉ नरेंद्र आर्य,के के मालवीय, अरविंद मालवीय, बैतूल कलार समाज महिला अध्यक्ष बिंदु मालवीय सहित अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया द्य जयंती समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया द्य कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया द्य जिसमें जयंती समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना की गई।




**निकली भव्य शोभायात्रा:** जयंती कार्यक्रम के पूर्व सुबह 11:00 सांवरिया लॉन से भगवान सहस्त्रबाहु की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा में भारी संख्या में कलार समाज के सामाजिक बंधु शामिल हुए। सांवरिया लान से प्रारंभ होकर यह शोभा यात्रा बजरंग दल चौक, जय स्तंभ चौक से होकर मां ताप्ती मंदिर पहुंची, मां ताप्ती मंदिर में पूजा आरती के पश्चात ताप्ती परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा सांवरिया लान पहुंची, जहा शोभा यात्रा का समापन किया गया। भगवान सहस्त्रबाहु जिला स्तरीय जयंती समारोह के सफल आयोजन में मुलताई कलार समाज के अध्यक्ष अशोक शिवहरे, सतीश शिवहरे, अरुण जायसवाल, श्याम किशोर मालवीय, अजय शिवहरे, भवानी पटेल, दीपक शिवहरे, सुमित शिवहरे, सज्जन शिवहरे, आकाश मोहबंसी, पीयूष शिवहरे, अनिल शिवहरे, अनिल शिवहरे, मोहन शिवहरे, सुधीर शिवहरे, अरुण मालवीय, सोनू मालवीय सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## दिमनी के चुनाव में भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या: तोमर

**मुरैना, देशबन्धु।** 17 नवंबर को दिमनी विधानसभा में मतदान के दौरान भाजपा ने सुनियोजित ढंग से लोकतंत्र की हत्या की है। भाजपा ने अपराधियों का सहारा लेकर कमजोर व दलित तबके के मतदाताओं को बड़ी संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने से रोक दिया। सांगौली से लेकर कटैलापुरा में दलित मतदाताओं को अपराधियों ने घर से नहीं निकालने दिया। इस पूरे एपीसोड को प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मूक होकर देखते रहे, लेकिन प्रेक्षक तक ने कार्रवाई का साहस नहीं जुटाया। दोपहर 12 बजे के बाद तो भाजपा के लोगों ने पोलिंगों को डंप करके खुद वोटिंग की, जो लोकतंत्र की हत्या का परिचायक हैं। ऐसा करके भाजपा ने अपना इकतरफा बोट डलवाया है। इस पूरे चुनाव में मुरैना पुलिस अधीक्षक ने भाजपा का एजेंट बनकर काम किया है और लगातार फोन लगाये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह बात विधायक रविंद्र सिंह तोमर ने अपने निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही। काग्रेस प्रत्याशी के तौर पर हमने रिटर्निंग आफिसर से लेकर पुलिस के आला अफसरों से 13 नवंबर को लिखित शिकायत की और कहा कि दिमनी की 97 पोलिंगों को अतिसंवेदनशील घोषित कर वहां बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स तैनात किया जाए, जिससे भाजपा द्वारा लगाए अपराधी बेनकाव हो सके और गरीब व कमजोर वर्ग के लोग मतदान करने घर से मतदान केंद्र तक पहुंच सके, लेकिन प्रशासन व पुलिस ने उनकी लिखित शिकायत पर मतदान होने के एक दिन पहले तक कोई कार्रवाई नहीं की।

# शहर के प्रथम नपाध्यक्ष की पुण्यतिथि पर गरीबों को वितरित किए कंबल



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर के शिल्पकार प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष स्व. मदन बाबू मिश्र की पुण्यतिथि पर नगर के लोगों ने क्लब पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन प्रसंगों को साझा किया। इस अवसर पर निर्धन व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर मौजूद पंडित केशव गुरु ने कहा कि छुआछूत का घोर विरोध करने वाले मदन भैया सबमें ईश्वर का दर्शन करते थे उनके कामों ने उन्हें अमर बना दिया। वहीं पूर्व प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव ने कहा कि भैया ने कम उम्र में बड़े काम किये व्यवस्थित गलियां, सुंदर सड़कें, आकर्षक पार्क उनकी दूरदर्शी सोच की निशानी है। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी ने कहा कि भैया के जीवन पर एक स्मारिका का प्रकाशन होना चाहिए ताकि आज की पीढ़ी उनके दिव्य जीवन प्रसंगों को जान सके साथ ही तिवारी ने कार्यक्रम के सूत्रधार सुमित मिश्रा के प्रयासों की भी सराहना भी की। खाद्य आपूर्ति निगम के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने बताया कि एजीएस कालेज, गांधी चौक, जय स्तम्भ चौक, वाटर बाक्स जैसे कई निर्माण भैया के कार्यकाल की देन है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव विकास शर्मा ने कहा की नगर को पीने योग्य पानी और बिजली मदन भैया की कोशिशें से ही मिल सके।

### झलकारी बाई जंयती पर निकाली शोभायात्रा



**सिरोंज, देशबन्धु।** महारानी झलकारी बाई जयंती पर बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की छात्राओं ने लिंकरोड स्थित प्रांगण से सुबह मुख्य बाजार के मुख्य मार्गो से भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें महारानी झलकारी के स्वरूप में बालिकाएं घोड़े पर सवार हुए चल रहीं थी और छात्राएं जयघोष करती हुयी चल रहीं थी। शोभायात्रा का समापन वापस स्कूल पहुंचकर हुआ। इस दौरान स्कूल स्टॉफ एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

## मतदान की गोपनीयता भंग करने पर 17 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**सिरोंज, देशबन्धु।** मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में देर रात सिरोंज थाने में 17 लोगों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 एवं 188 के तहत तहसीलदार सिरोंज ने प्रकरण पंजीबद्ध कराया है। जिनमें नगर कांग्रेस अध्यक्ष हाजी इरशाद गोरी, बृजेश विश्वकर्मा,हर्षित गोपाल शर्मा ,नीरज शर्मा ,कृष्ण पाल यादव ,अख्तर खान, आकाश जैन, गौरव शर्मा ,रोहित साहू ,अंकित सुमन, सोनू मालवीय ,शिव यादव, संजू महाराज ,चंद्रेश सैनी ,राजेश यादव, महेंद्र बघेल व राकेश शर्मा शामिल है। मतदान करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने वालों पर कार्रवाई की मांग शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं व अधिवक्ताओं ने निर्वाचन अधिकारी से की थी। इस संबंध में एक आवेदन निर्वाचन अधिकारी को देते हुए एडवोकेट वकील सिंह यादव,राजेश साहू, विष्णु कुशवाह और विधि छात्र विवेक श्रीवास्तव ने लिखा कि विधानसभा चुनाव में मत देने के लिए प्रदान की गई पर्चियों पर उल्लेख किया गया है कि मतदान केन्द्र पर मोबाइल एवं कैमरा ले जाने की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी कुछ मतदाताओं ने केन्द्र पर मोबाइल अथवा कैमरे का उपयोग कर ईवीएम मशीन पर मत देते हुए फोटो लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। ये चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन है। इस तरह के कृत्य से मत की गोपनीयता तो भंग होती है। उन्होंने अपने आवेदन में अपने मत की गोपनीयता भंग करने वालों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 128 का उल्लंघन के तहत कार्रवाई करने की मांग की थी।

## कलेक्टर के निर्देश पर खाद विक्रय केन्द्रों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**जिला मुख्यालय पर 2 फर्मों के गोदामों का स्टॉक देखा**

**मुरैना, देशबन्धु।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये शहर में खाद की कमी नहीं होना चाहिये, जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद है। फिर भी किसान लाइन में लगकर खाद ले रहें है। कलेक्टर के निर्देश पर समस्त अनुविभागीय अधिकारियों ने अम्बाह, मुरैना, जौरा और सबलगढ में खाद विक्रय की दुकानों पर छापामार कार्यवाही की, उनके शासकीय, अशासकीय गोदामों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध पाया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उन्हीं गोदामों की पर्ची जारी करें, जहां स्टॉक पर्याप्त मात्रा में है। ताकि किसान को नगद खाद प्राप्त हो सके।

एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह ने मुरैना के जीवाजीगंज स्थित राजेश ट्रेडिंग कंपनी और मैसर्स शिवा खाद बीज भंडार की दुकान एवं गोदामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीओएस मशीन से पर्ची निकलवाई, जिसमें प्राप्त आवंटन और मौजूद समय में उपलब्ध आवंटन की जानकारी ली।

राजेश ट्रेडिंग कंपनी के गोदाम में 600 कट्टे डीएपी और 400 कट्टे यूरिया के पाये गये, तहसीलदार कुलदीप शर्मा ने मौके पर ही 125 कूपन काटकर अगले दिन नगद खाद वितरण बैनर लगाकर विक्रय करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार मैसर्स शिवा खाद बीज भंडार के गोदाम में 3.3 मैट्रिक टन डीएपी और 23.38 मैट्रिक टन यूरिया गोदाम में रखा पाया गया। अधिकारियों ने तत्काल कूपन कटवाने के निर्देश दुकानदारों को दिये। 23 नवम्बर को उक्त खाद नगद वितरण किसानों को करने के निर्देश दुकानदार को दिये।

श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में जैन मुनियों के सानिध्य में चल रहा कार्यक्रम

# प्रभु भक्ति के साथ आयोजित हो रहा सिद्धचक्र महामंडल विधान



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय श्रीचंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अष्टांनिका महापर्व के अवसर पर सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। अष्ट दिवसीय विधान में बाल ब्रह्मचारी राजेश भैया एवं मयूर भैया कुशल निर्देशन प्राप्त हो रहा है।

अर्पित जैन ने बताया कि 20 से 27 नबंबर तक आयोजित होने वाले विधान के तृतीय दिन मंत्रोच्चार द्वारा जाप पात्र शुद्धि आदि विधि विधान के उपरांत सिद्ध भगवान को बत्तीस अर्घ समर्पित किये गये। भगवान के कलशाभिषेक साथ प्रथम शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी निर्मल कुमार, राजीव कुमार जैन एवं द्वितीय शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी अमित जैन, सोनम जैन, कुबेर इंद्र संस्कृति ज्वेलर्स परिवार ने प्राप्त किया। महाआरती करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी राकेश कुमार, अनुभव कुमार, जैन बांधरी महा यज्ञ नायक परिवार को प्राप्त हुआ। अष्टमंगल द्रव्य में मंडप पर मंगल कलश द्रव्य स्थापित करने का सौभाग्य उपस्थित इंद्र और इंद्राणीओ परिवार कों प्राप्त हुआ। प्रतिदिन सायं कालीन प्रवचन ब्रह्मचारिणी नीलांजना दीदी द्वारा किए जा रहे हैं। सिद्ध चक्र महामंडल विधान की महिमा बताते हुए कहा ब्रम्ह दीदी ने बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान अवश्य कराना चाहिए। सिद्धों की भक्ति करने से भक्त से भगवान बनने की प्रेरणा मिलती है।

### आज देवउठनी एकादशी, प्रारंभ हो जाएंगे शुभ कार्य

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गुरुवार को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन चातुर्मास समाप्त होगा। पंडित मुन्नालाल शास्त्री के अनुसार इस वर्ष अधिक मास होने के कारण भगवान विष्णु 5 माह की निद्रा के बाद जागेंगे। इसके बाद से सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस दिन लोग घरों में भगवान को गन्ने के मंडप में बिठाकर पूजा करेंगे। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं। परम्परानुसार देव देवउठनी एकादशी में तुलसी विवाह किया जाता है। इस दिन उनका श्रृंगार कर उन्हें चुनरी ओढ़ाई जाती है और परिक्रमा की जाती है।

## सार समाचार

### प्राचार्य को थप्पड़ जड़ने वाली महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** महिला प्राचार्य की शिकायत पर आखिरकार एक सब्जी विक्रेता महिला के खिलाफ शासकीय कर्मचारी से मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। घटना बनखेड़ी नगर स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला स्कूल में घटी। बताया जाता है कि दहलवाडा निवासी एक महिला ने बनखेड़ी नगर स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला स्कूल के समीप सब्जी की दुकान लगा ली। जहां से उपजा विवाद इतना बड़ा कि महिला ने स्कूल में जाकर प्राचार्य से अभद्रता की और थप्पड़ जड़ दिया। जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में की थी। बनखेड़ी थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर ने बताया कि 60 वर्षीय स्कूल प्राचार्य विष्णु प्रसाद पिता लक्ष्मण प्रसाद साहू की शिकायत पर 6 सितम्बर को दहलवाड़ा निवासी महिला लक्ष्मीबाई पति राजेश अहिरवार के खिलाफ धारा 353, 294, 323 का मामला दर्ज किया। बता दें कि पुलिस ने 22 नवंबर को 47 दिन बाद इस मामले में महिला आरोपी को हिरासत में लेकर पिपरिया न्यायालय में पेश किया गया।

### श्री द्वारिकाधीश को समर्पित हुआ छप्पन भोग, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर के श्री द्वारिकाधीश बड़ा मंदिर में आंवला नवमी के पावन मौके पर भगवान श्री द्वारिकाधीश को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। विगत कई वर्षों से यह शहर का बड़ा और बहुप्रतीक्षित धार्मिक कार्यक्रम होता है, जिसमें शाम से देर रात तक हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। श्री द्वारिकाधीश उत्सव समिति इटारसी के सदस्य चंद्रकांत अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार, की देर रात तक भक्तों ने भगवान का भोग प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। आयोजन के लिए मंदिर समिति से जुड़े सभी सहयोगी भक्तों ने पृथक से इसके लिए श्री द्वारिकाधीश उत्सव समिति बनायी है। इस समिति के तत्वावधान में ही यह कार्यक्रम आयोजित होता है। छप्पनभोग प्रसाद वितरण से पूर्व सायं 6.30 बजे से श्री द्वारिकाधीश, गिरिराजधरण, गोवर्धन जी की पूजन हुई। सायं 7.30 बजे से छप्पन भोग दर्शन प्रारंभ हुए। रात्रि 8 बजे से छप्पन भोग प्रसादी का वितरण प्रारंभ हुआ। कतार बद्ध होकर पूरे अनुशासन के साथ हजारों महिला,पुरुष भक्तों ने हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा भाव से पहले दर्शन किए फिर प्रसादी ग्रहण की। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग अलग कतारें थीं। महिलाओं को समिति से जुड़ी महिलाएं ही प्रसादी वितरण कर रहीं थीं। रात 9.30 बजे तक करीब दस हजार भक्त प्रसादी ग्रहण कर चुके थे।

### सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



**इटारसी, देशबन्धु।** सर्व ब्राह्मण महिला संगठन ने भगवान परशुराम भवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर उपस्थित संगठन के सदस्यों ने भगवान परशुराम के चित्र की पूजा अर्चना कर एक दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी। संरक्षक श्रीमती माधवी मिश्रा एवं श्रीमती कल्पना शर्मा ने दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि हमें दीपक की तरह बनना चाहिए ताकि हम दूसरों को रोशनी दे सकें। अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शर्मा ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों के लिए हमें हमेशा संगठन को सहयोग एवं शक्तिशाली बनाना है, तभी हम समाज का भला कर पाएंगे। इस अवसर पर संगठन की संरक्षक श्रीमती प्रतिभा दुबे, श्रीमती नीति पांडे, साधना दुबे, इंदिरा तिवारी, वंदना ओझा, प्रीति दुबे, कुसुम तिवारी, हेमा पुरोहित, रेखा दुबे, पूजा तिवारी, कीर्ति दुबे, मंजुला तिवारी सहित भारी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सुंदर रंगोली सजाकर एवं दीप जलाकर दीपावली का उत्सव पूरे धूमधाम से मनाया।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद अलर्ट हो जाएं

# पहले दिन ट्रैफिक पुलिस ने बनाए 20 चालान, साढ़े 9 हजार समन शुल्क वसूला

**इटारसी, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद आज से पुलिस ने संपूर्ण मध्यप्रदेश में चैकिंग अभियान प्रारंभ किया है जो पचास दिनों तक चलेगा। अभियान में हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता के लिए प्रयास किये जाएंगे। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वालों से स्पॉट फाइन वसूला जाएगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद स्थानीय ट्रैफिक पुलिस ने विशेष अभियान के अंतर्गत आज 20 वाहनों के चालान बनाये। इसके अंतर्गत 9600 रुपए समन शुल्क वसूल किया। इनमें हेलमेट के 12, सीट बेल्ट के 3, नो पार्किंग के 1 और तेज गति वाहन चालन के 4 चालान बनाये गये।

बता दें कि लोगों को इस बार अलर्ट रहना होगा, क्योंकि अभियान के दौरान नियमों के विपरीत चलने वाले वाहन चालकों को 500 से लेकर 1000 हजार रुपए तक का जुर्माना देना होगा। इस दौरान दो पहिया वाहन सवार द्वारा हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया वाहन सवारों को सीटबेल्ट धारण करने के संबंध में यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने के निर्देश देकर 15 जनवरी तक रिपोर्ट मांगी गयी है। आदेश में स्पष्ट है कि गंभीरता से यह कार्यवाई कराएं, समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं प्रायवेट कार्यालय में प्रमुख को पत्र लिखकर सभी कर्मचारियों को पीलियन राइडर सहित हेलमेट धारण के निर्देश जारी किये जाएं और हेलमेट धारण नहीं करने पर सख्त कार्रवाई कर कार्यालय में प्रवेश निषेध किया जाए।

#### स्कूल-कॉलेज में भी अनिवार्य

सभी स्कूल, कॉलेजों के प्रधान अध्यापक, प्रधान आचार्य सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वह बच्चों को स्कूल, कालेज लेकर आते-जाते समय आवश्यक रूप से हेलमेट धारण करें, साथ ही हेलमेट धारण न करने वाले अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश निरुद्ध करके सख्त हिदायत दी जाए, इस संबंध में जिला दंडाधिकारी से निर्देश जारी कराया जाए।

#### पेट्रोल पंप पर प्रचार करें

कोर्ट के यह भी निर्देश हैं कि सभी पेट्रोल पंप पर फ्लेक्स, बैनर के माध्यम से सभी दो पहिया मोटर वाहन चालकों एवं पीलियन राइडर को हेलमेट धारण करने के लिए पाबंद करें साथ ही पेट्रोल की आपूर्ति के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट धारण करने पर ही पेट्रोल वितरण करेंगे, ऐसी सख्त हिदायत दी जाए ताकि सभी हेलमेट पहनकर ही पेट्रोल पंप आएं।

#### स्थानीय निकाय को निर्देश

ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर नियम एवं केन्टोनमेंट बोर्ड के माध्यम से, ठेके पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दी जाती है, जहां यात्री बिना हेलमेट धारण किये आकर वाहन पार्किंग में लगाते हैं, हेलमेट धारण करने पर ही उनको वाहन पार्किंग की सुविधा दी जाए, ऐसी पार्किंग संचालकों को हिदायत दी जाए। आटो मोबाइल शॉप पर बैनर, फ्लेक्स के माध्यम से हेलमेट लगाने का प्रचार करें, वाहन बेचते समय क्रेता को हेलमेट धारण करने के बाद ही शो रूम से जाने के लिए निर्देशित करें।

#### होटल, ढाबों, रेस्टॉरेंट में प्रचार

होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, मॉल आदि में फ्लेक्स एवं बैनर के माध्यम से हेलमेट लगाने प्रचार करें, धारण न करने पर प्रवेश वर्जित करें। जिला आबकारी विभाग द्वारा संचालित लायसेंसी शराब की दुकानों पर एवं हाट बाजार के पार्किंग स्थलों पर भी हेलमेट धारण करने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश हैं। स्थानीय टीवी चैनल, इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से दो पहिया वाहन चालकों को आवश्यक रूप से हेलमेट धारण करने के लिए बाध्य करने और प्रेस वार्ता के माध्यम से इस संबंध में खबरें प्रकाशन कराने के निर्देश भी हैं।

# यातायात पुलिस ने की कार्यवाई, 63 वाहनों का चालान कर 19900 रुपए का जुर्माना वसूला



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संपूर्ण प्रदेश में 20 नवंबर से 10 जनवरी तक हेलमेट एवं सीट बेल्ट धारण न करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई एवं जागरूकता के निर्देश दिए हैं। बुधवार को नर्मदापुरम पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसका प्रमुख उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में एवं हेलमेट, सीट बेल्ट की आवश्यकता के संबंध में आमजन को जागरूक करना है। ताकि हर व्यक्ति यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो और उनका पालन करे जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक उषा मराबी के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के सभी पेट्रोल पंप पर जाकर पेट्रोल पंप संचालक से समन्वय कर सभी वाहन चालकों से अपील की कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें एवं पीलियन राइडर भी हेलमेट हेलमेट अवश्य लगाएं और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। पेट्रोल पंप संचालकों को समझाइश दी गई की पेट्रोल पंप पर पेट्रोल बैनर के माध्यम से बताएं कि पेट्रोल व डीजल लेने आने वाले वाहन चालक यदि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर आएंगे तो ही उनको पेट्रोल डीजल दिया जावेगा। यातायात पुलिस द्वारा चौराहों पर सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। वहीं दूसरी ओर जिन वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किया गया एवं सीट बेल्ट और हेलमेट न लगाकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर यातायात पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई करते हुए 63 चालान बनाए गए जिनसे कुल 19900 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस का यह जागरूकता अभियान एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई जनवरी तक निरंतर जारी रहेगी यातायात पुलिस के इस जागरूकता अभियान एवं चालानी कार्रवाई में यातायात थाने का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के चार दिन के बाद ही शिक्षा विभाग कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम सुधारने की कवायद में जुट गया है।नर्मदापुरम संभाग में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग ने विकासखंड सोहागपुर के शासकीय सीएम राईज सोहागपुर, कन्या सोहागपुर,बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शोभापुर, कन्या शाला शोभापुर आकस्मिक निरीक्षण किया। संबंधित प्राचार्य को कक्षा दसवीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम सुधारने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संयुक्त संचालक द्वारा शालाओं में प्रयोगशाला कक्षा, पुस्तकालय कक्ष, स्कूल परिसर की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया तथा शाला में दर्ज छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं की जानकारी भी ली गई। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा बताया गया कि बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए प्रति दिन संभाग के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। संयुक्त संचालक द्वारा संभाग के जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम हरदा तथा बैतूल से शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त करने के लिए सात दिवस में जानकारी मांगी गई है। यदि शिक्षकों का अटैचमेंट पाया जाता है तो संकुल प्राचार्य संबंधित प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दिनांक 6 दिसंबर 2023 से कक्षा 9वी से लेकर 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं हैं तथा माह फरवरी 2024 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं संपन्न होना है। इसलिए निदानात्मक कक्षाएं लगाकर पाठ्यक्रम को पूर्ण किया जाए।

### कल से प्रारंभ होगा पीपलढाना में खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कार्य

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर से कुछ ही दूरी पर बसे ग्राम पीपलढाना में डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से खाटू श्याम का मंदिर बनाया जा रहा है। मंदिर का भूमिपूजन हो चुका है और कल 23 नवंबर 2023 को शाम 3 से 5 बजे के बीच मंदिर का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा।

इटारसी निवासी नटवर पटेल के मन में मंदिर का विचार आया और वे अपने साथियों के सहयोग से इटारसी में ही खाटू श्याम का मंदिर बनवाने जा रहे हैं। उनके अनुसार बाबा श्याम का मंदिर बनवाने का विचार उनको विदिशा में बने हुए बाबा श्याम के मंदिर में दर्शन करने जाने के बाद से आया। ग्राम पीपलढाना में 0.67 एकड़ में मंदिर के लिए 17 मई को भूमिपूजन किया गया था। इटारसी के पास पीपलढाना गांव में नटवर पटेल की पैतृक जमीन है। उन्होंने उस जमीन में से करीब 2.67 एकड़ भूखंड मंदिर निर्माण के लिए आवंटित किया है। इस भूखंड में से करीब 0.67 एकड़ में मंदिर बनेगा।

# मतगणना के संबंध में रिटर्निंग अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में 3 दिसंबर को संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में मतगणना की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की उपस्थित में सभी रिटर्निंग अधिकारियों को मतगणना के संबंध विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग दिशा निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना प्रक्रिया संपन्न कराएं। आयोग के दिशा निर्देशों को बारीकी से समझे और उनका क्रियान्वयन करें। प्रशिक्षण में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे द्वारा गणना अभिकर्ता की नियुक्ति, गणना अभिकर्ता का प्रवेश एवं बैठक व्यवस्था, मतगणना कक्ष में प्रवेश की पात्रता, मतगणना कक्ष में वीडियोग्राफी सीसीटीवी, मतगणना कक्ष में गोपनीयता बनाएं रखें के जाने के संबंध में एवं मतगणना हेतु अन्य विविध व्यवस्थाएं, ईवीएम मशीनों में मतों की गणना, मतगणना के बाद ईवीएम की सीलिंग इत्यादि बिंदुओं के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** पिपरिया रोड पर हुए एक सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले में पुलिस आयशर ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भागवत मालवीय की रिपोर्ट पर बनखेड़ी पुलिस ने 21 नवम्बर को 24 वर्षीय मृतक संतोष पिता पूरनलाल मालवीय जाति प्रजापति, राजीव गांधी वार्ड पिपरिया का रहने वाला था। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू की और एक आयशर ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीबी 5419 के चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला कायम किया है। वहीं घटना के प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो टू व्हीलर वाहन चालक ओवर क्रांसिंग के चक्कर में ट्रैक्टर के टकराने से रोड़ पर गिरने से एक्सीडेंट हुआ है, लेकिन बाजू से गुजर रहे ट्रक का अचानक पहिया उनके सिर पर चढ़ने उनकी मौके पर मौत हो गई।



6 वर्ष पुराने बहुचर्चित सुमति ताई हत्याकांड पर आया फैसला

# आरोपियों को आजीवन कारवास की सजा



**इटारसी, देशबन्धु।** जनवरी 2017 में हुए बहुचर्चित सुमति ताई कुलकर्णी हत्याकांड के आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में पैरवी भूरेसिंह भदौरिया ने की।

श्री भदौरिया ने बताया कि मामले में एक ज्वेलर्स संचालक को भी चोरी का सामान खरीदने के मामले में पुलिस ने आरोपी बनाया था, लेकिन साक्ष्य के अभाव में वैभव को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हुई है। सन् 2017 में हुए इस हत्याकांड के आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी थी।

यह अंधाकत्ल था और इसमें आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए नागरिकों ने आंदोलन भी किया था। इसमें आरोपियों की गिरफ्तारी पर महिलाओं के एक संगठन ने 21 हजार रुपए का पुरस्कार भी घोषित किया था। आखिरकार पांच माह बाद आरोपी पुलिस के हाथ लगे थे। मामले में कोर्ट ने आज फैसला सुनाया और तीन आरोपियों दिनेश उर्फ दिन्ना राजपूत, प्रदीप भाट, मोहित भाट को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। बता दें कि इटारसी के लक्कड़गंज इलाके में रहने वाली बुजुर्ग महिला सुमति कुलकर्णी की जनवरी 2017 में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि बिजली के खंबे से घर की लाइट काटने के बाद आरोपी चोरी की नीयत से घुसे थे। लेकिन मृतका द्वारा उन्हें पहचान लेने के चलते पकड़े जाने के डर से तीनों ने उनकी हत्या कर दी थी।

इस हत्याकांड के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीएम तक को ज्ञापन सौंपा गया था। महिलाओं के संगठन ने आरोपियों पर 21 हजार रुपए का इनाम भी रख दिया था। हत्या के पांच माह बाद इटारसी पुलिस को मुखबिर की सूचना पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली थी। इसके साथ ही नयनतारा ज्वेलर्स के संचालक वैभव खंडेलवाल को पुलिस ने चोरी का माल खरीदने के लिए आरोपी बनाया था, लेकिन साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने उन्हें दोषमुक्त कर दिया है।

# कल मनाई जाएगी देव प्रबोधनी एकादशी, तुलसी-सालिग्राम विवाह होगा



इटारसी, देशबन्धु। देव प्रबोधनी एकादशी गुरुवार 23 नवंबर को मनायी जाएगी। इस दिन तुलसी-सालिगराम के विवाह की परंपरा है। नगर में गांधीनगर, श्री नवग्रह दुर्गा मंदिर और न्यास कालोनी में तुलसी-सालिग्राम विवाह के आयोजन होते हैं। एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस तिथि को भगवान श्रीविष्णु की पूजा के लिए बहुत ज्यादा शुभ माना गया है, लेकिन इसका महत्व तब और ज्यादा बढ़ जाता है, जब यह कार्तिक मास के शुक्लपक्ष में पड़ती है और देवउठनी या फिर देवोत्थान एकादशी के नाम से जानी जाती है। देव प्रबोधनी एकादशी पर गन्ने का मंडप बनाकर घरों में भी तुलसी-सालिगराम की पूजा की जाती है। उनको बेर, भाजी, आंवला चढ़ाया जाता है। बेर, भाजी आवंला, उठो देव सांवला कहकर जगाया जाता है। की देवउठनी एकादशी घरों-घर मनायी जाएगी। बेर भाजी आंवला, उठो देव सांवला के जयघोष के साथ लोग घरों के आंगन में गन्ने का मंडप बनाकर उसमें माता तुलसी और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न कराएंगे।

#### लाल मैदान में लगी गन्ने की दुकानें

नगर पालिका ने लाल ग्राउंड सूरजगंज में गन्ने का बाजार लगाने जगह तय की है। यहां लोगों द्वारा एकादशी व्रत की पूजा के लिए गन्नों की खरीदारी की जा रही है। इस बार बाजार में सौ रुपए जोड़ से लेकर सौ रुपए के पांच गन्ने तक बिक रहे हैं। नगर पालिका के लाल ग्राउंड में गन्ना बाजार लगाने के आदेश के बाद भी कई गन्ना व्यवसायियों ने बीच बाजार एवं सड़कों के किनारों पर अतिक्रमण कर गन्ना दुकानें भी लगाई हैं।

देवउठनी एकादशी की पूजा एवं शुभ मुहूर्त के संबंध में आचार्य पंडित विकास शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार इस साल कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की एकादशी 22 नवंबर 2023 की रात्रि 11:03 बजे से प्रारंभ होकर 23 नवंबर की रात्रि 9:01 बजे समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार इस साल देवोत्थान एकादशी का पावन पर्व 23 नवंबर को मनाया जाएगा। पं. शर्मा ने कहा कि इस व्रत का पारण अगले दिन 24 नवंबर को प्रात:काल 6:51 से 8:57 बजे के बीच किया जा सकेगा।

#### देवउठनी एकादशी की पूजा विधि

देवउठनी एकादशी पर भगवान श्रीविष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए व्यक्ति को प्रात:काल सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना चाहिए फिर उसके बाद उगते हुए सूर्य देवता को अर्घ्य देना चाहिए। इसके बाद भगवान श्रीविष्णु के व्रत एवं पूजन का संकल्प करना चाहिए और अपने घर के ईशान कोण में उनकी विधि-विधान से फल-फूल, धूप-दीप, चंदन-भोग आदि अर्पित करके पूजा करनी चाहिए।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायसेन एवं विदिशा पहुंचे, मतगणना की तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया

# मतगणना की तैयारियों, सुरक्षा और डाक मतपत्रों के बारे में ली जानकारी



**रायसेन/विदिशा,देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बुधवार को रायसेन एवं विदिशा जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के लिये की जा रही तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन बुधवार को रायसेन पहुँचे और जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर रायसेन जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए यहां की गई सभी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। श्री राजन ने विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए प्रत्येक मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का मुआयना किया। डाक मतपत्रों की गणना के लिये की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना के लिये लगाई जानी वाली टेबल, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या के बारे में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे से जानकारी ली।

श्री राजन ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। मतगणना स्थल परिसर में ठहरे हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के कक्ष में जाकर उनसे चर्चा की तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को भी देखा। श्री राजन कम्पोजिट कलेक्ट्रेट भवन स्थित जिला कोषालय पहुंचे तथा यहां डबल लॉक कक्ष में रखे गए सांची विधानसभा क्षेत्र के डाक मतपत्रों की जानकारी ली। साथ ही डबल लॉक कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस दौरान रायसेन के पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित मतगणना कार्य के लिये नियुक्त अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन रायसेन निरीक्षण के पश्चात विदिशा पहुँचे। श्री राजन ने शासकीय आदर्श महाविद्यालय, जाफरखेड़ी पहुंचकर विदिशा जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए यहां की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्री राजन ने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने बताया कि स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में सभी जानकारियां अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को भी दे दी गई हैं। वहीं सीसीटीव्ही कैमरे से सम्पूर्ण मतगणना परिसर, विशेषकर पांचों विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांगरूम की निगरानी के प्रबंध भी किए गए हैं। मतगणना परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार के समीप एलईडी पर 24 घंटे लाईव प्रसारण अभ्यर्थियों एवं उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों द्वारा भी लगातार देखा जा रहा है। कलेक्टर ने मीडियाकर्मियों के लिए मतगणना स्थल पर किये गये सभी प्रबंधों के बारे में भी जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा सहित मतगणना व्यवस्थाओं में संलग्न अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### कमलनाथ ने शिवराज पर साधा निशाना, बोले

# आप झूठ की मशीन का अभियान चला रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद अब राजस्थान में सभी दलों के दिग्गज प्रचार अभियान में जुटे है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहन भी भाजपा के लिए प्रचार करने राजस्थान के दौरे पर है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोला है।

कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शिवराज, अब मध्य प्रदेश में आपको कोई नहीं सुन रहा तो आप राजस्थान में जाकर अपनी झूठ मशीन का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने लिखा कि आप राजस्थान को बताइए कि मध्य प्रदेश को आपने घोटालों में नंबर वन बना दिया, महिला अत्याचार में नंबर वन बना दिया, आदिवासी अत्याचार में नंबर बना दिया और बेरोजगारी में नंबर वन बना दिया। पूर्व सीएम ने लिखा कि आप अपनी उपलब्धियां सुनाइए कि कैसे आपने डंपर घोटाला किया, व्यापम घोटाला किया, महाकाल लोक घोटाला किया, पटवारी भर्ती घोटाला किया, आरक्षक भर्ती घोटाला किया और मध्य प्रदेश का नाम घोटाले से बदनाम कर दिया।

कमलनाथ ने कहा कि इसलिए ना तो मध्य प्रदेश की जनता अब आपकी बातों पर भरोसा करती है और ना ही राजस्थान की जनता आपकी घोषणा मशीन को सुनने में समय बर्बाद करेगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में 25 नवम्बर को मतदान है। इसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत पांच राज्यों में तीन दिसंबर को मतगणना एक साथ होगी।

## कम मतदान वाले केन्द्रों पर पुर्नमतदान कराएं : भाजपा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने जिला निर्वाचन अधिकारी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने चुनाव आयोग में की है। प्रतिनिधि मंडल ने शिकायत में कहा कि नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी ने 43 मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारी व उनके दल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मतदान कराने में देरी की, ताकि भाजपा समर्थित मतदाता अपने वोट न दे सकें। वहीं भाजपा समर्थक करीब 2 दर्जन मतदान केंद्रों पर बूथों को कम किया गया या बूथ बनाने की आवश्यकता के बावजूद बूथ नहीं बनाए गए, ताकि भाजपा समर्थित मतदाता मतदान न कर सकें। भाजपा ने इन मतदान केंद्रों पर पुन:मतदान कराए जाने की मांग की है। एक अन्य शिकायत में भाजपा ने कहा है कि टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में मतदान स्थल से ईवीएम मशीन को सुरक्षित लेकर वापस आ रहे मतदान दल को टिमरनी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अभिजीत शाह और उनके सहयोगियों ने अपने गृह ग्राम खुदीया के चौराहे पर घेर कर रोका। मतदान कर्मियों को धमकाया गया और पुलिस दल मूक दर्शक बना रहा। इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी और उनके सहयोगियों पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

## स्ट्रांग रूम के निरीक्षण की जानकारी कांग्रेस को भी दें

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने ईवीही मशीनों के रख-रखाव में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन एवं उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने मांग है कि ईवीएम मशीनों तथा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा रहा है या नहीं इसके संबंध में जानकारी ज्ञात नहीं है, इसलिए इस संबंध में यदि कोई भी दिशा निर्देश जारी किए गए है तब ऐसी स्थिति में कांग्रेस प्रत्याशियों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

श्री जैन एवं श्री धनोपिया ने आयोग से कहा कि मतदान उपरांत सभी जिला स्तर पर स्ट्रांग रूम में संरक्षित ईवीएम मशीनों की पूर्ण सुरक्षा और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे जनरेटर बेकअप की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिससे कि बिजली गुल होने की स्थिति में भी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही रिकार्डिंग दिखाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहे जो कि न्यायोचित होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-

# राहुल ने किया देश की जनता का अपमान



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने पर भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि उन्होंने देश की समस्त जनता का अपमान किया है।

श्री शर्मा ने कल देर रात यहां मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि श्री गांधी ने प्रधानमंत्री के लिए जो शब्दों का प्रयोग किया, उससे वह अपनी मंदबुद्धि सामने लाये हैं। उन्होंने देश की 130 करोड़ जनता का अपमान किया है। देश में कांग्रेस नेस्तनाबूद हो रही है।

### छतरपुर जिला प्रशासन पर उठाए सवाल, बोले

## दिग्विजय को धरना कैसे देने दिया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने राज्य के छतरपुर जिले में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होने पर कहा कि कानून क्या उनकी जेब में है। क्या दिग्विजय सिंह कानून का पालन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि श्री सिंह ने लोगों को भड़काया, उन पर तो और धाराएं लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रशासन ने उन्हें धरना कैसे देने दिया। छतरपुर के खजुराहो में कल पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ है। इसके साथ ही राजनगर से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा पर भी मामला दर्ज हुआ है। दोनों नेताओं ने मतदान 17 नवंबर के दिन विक्रम सिंह नातीराजा के समर्थक सलमान खान की मृत्यु के बाद इस मामले को लेकर बिना अनुमति के थाने के सामने धरना दिया था। इस पूरे मामले को लेकर राज्य में इन दिनों राजनीति जोरों पर है। कांग्रेस का आरोप है कि सलमान की मृत्यु के लिए भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया जिम्मेदार है। इस प्रकरण में अरविंद पटेरिया के खिलाफ भी मामला दर्ज हो चुका है।

### सरकार ने चुनाव आयोग को भेजा

# बैस को तीसरी बार सेवा विस्तार देने का प्रस्ताव



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस को तीसरी बार सेवा विस्तार का एक प्रस्ताव शासन ने चुनाव आयोग को भेजा है। श्री सिंह 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके पहले 2 बार उन्हें सेवा विस्तार का लाभ मिल चुका है। 6-6 माह के लिए उनके कार्यकाल में वृद्धि की गई। चूंकि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई है और 3 दिसम्बर को चुनाव परिणाम आने हैं। जिसके चलते मुख्य सचिव के पद उनकी सेवा विस्तार का फैसला चुनाव आयोग ही ले सकता है, इसलिए उनकी सेवा वृद्धि के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। ऐसे में यदि श्री सिंह का प्रस्ताव मंजर किया जाता है तो श्री सिंह मुख्य सचिव के पद पर बने रहेंगे। यदि चुनाव आयोग द्वारा उनके सेवा विस्तार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है, उनके स्थान पर फिलहाल किसी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को कार्यवाहक मुख्य सचिव की जिम्मेदारी दी जा सकती है।

वरिष्ठता के चलते 1988 की आईएएस अधिकारी वीरा राणा को भी मुख्य सचिव का प्रभार मिल सकता है। वीरा राणा माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष हैं, मार्च 2024 को रिटायरमेंट होगा। श्री बैस के बाद वीरा राणा सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी हैं। इनके अलावा 1990 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. राजेश राजौरा, एसएन मिश्रा और मलय श्रीवास्तव भी मुख्य सचिव की दौड़ में है।

### मतगणना पर कांग्रेस-भाजपा की रहेगी बारीक नजर

# भाजपा विस व जिला स्तर पर लगाएगी मतगणना एजेंटों की पाठशाला

**कांग्रेस भोपाल में प्रत्याशियों और चुनाव एजेंटों को देगी प्रशिक्षण**

**भोपाल,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर को हुए विधानसभा चुनाव के बाद अब तमाम राजनीतिक दलों की निगाहें तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना पर आकर टिक गई हैं। कांग्रेस के बाद अब भाजपा ने भी इस दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। गत दिनों दिग्गजों के मंथन के बाद अब भाजपा काउंटिंग टेबल के लिए एजेंटों।

की तैनाती में जुटी है। 17 नवम्बर को हुए मतदान के बाद अब तीन दिसम्बर को मतगणना होगी। मतगणना को लेकर प्रदेश के दोनों ही प्रमुख दल भाजपा-कांग्रेस सहित सपा, बसपा, आप और अन्य दलों द्वारा मतगणना की प्लानिंग बनाई जा रही है।

मतों की गणना को लेकर भाजपा ने गत दिनों भाजपा मुख्यालय भोपाल में विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और चुनाव अभियान प्रभारी नरेंद्र सिंह तोमर शामिल हुए। सभी नेताओं ने मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। मतगणना को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों द्वारा काउंटिंग एजेंट्स की विशेष पाठशाला लगाई जा रही है। भाजपा ने तय किया है कि विधानसभा और जिला स्तर पर काउंटिंग एजेंटों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें सिखाया जाएगा कि मतगणना के समय पूरी तरह मुस्तैद रहें। किसी भी गड़बड़ी की आशंका पर आपत्ति जताएं। एजेंट्स को यह भी सीख दी जाएगी कि किसी भी सूरत में किसी दबाव में न आएं। इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी अपने सभी 230 प्रत्याशियों को 26 नवम्बर को राजधानी भोपाल बुलाया है। इसी दिन सभी प्रत्याशियों को मतगणना को लेकर विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस प्रशिक्षण में कमलनाथ और उनकी चुनावी टीम मतगणना के दौरान होने वालीं गड़बड़ियों पर नजर रखने को लेकर प्रशिक्षण देगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगेंगी। जहां उम्मीदवारों की संख्या कम होगी, वहां के परिणाम पहले सामने आएंगे। प्रक्रिया की जानकारी, मतपत्रों की गिनती, चक्रवार परिणाम की घोषणा होने के बाद ही आगे बढ़ने, परिणाम की घोषणा की सत्यापित प्रतिलिपि लेने और संदेह होने पर आपत्ति की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इसके लिए मतगणना संबंधी दिशा निर्देश तैयार करके दिए जाएंगे। ईवीएम जब मतगणना स्थल पर लाई जाएंगी और जब मतों की गणना शुरू होगी, तो मशीन की सील कैसे चेक करनी है, यदि कोई संदेह होता है तो उसकी शिकायत कैसे करनी है, फार्म सी के माध्यम से मतदान की जो जानकारी मिली है, उससे मतों का मिलान कैसे करना है, इसके बारे में बताया जाएगा। कोई भी उम्मीदवार मंत्री, सांसद और विधायकों को मतगणना अभिकर्ता नहीं बनाया जा सकता है।

उम्मीदवार के साथ दो अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र पर प्रवेश की अनुमति रहेगी। सहकारी संस्थान, निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को भी मतगणना स्थल के अंदर जाने की अनुमति नहीं रहेगी। वेबकास्टिंग की व्यवस्था मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा की जा रही है। तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना को कार्य संपन्न कराया जाएगा।

## मप्र के नेताओं का राजस्थान और तेलंगाना की तरफ रूख

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के नेताओं की ड्यूटी राजस्थान और तेलंगाना के चुनाव में लगाई गई है। दोनों दलों के प्रमुख दिग्गज नेता आगामी दिनों में दोनों राज्यों का रूख करने वाले हैं। कई तो पहुंच भी चुके हैं।

राज्य में 17 नवंबर को मतदान हो चुका है और मतगणना 3 दिसंबर को होने वाली है। आने वाले दिनों में राजस्थान और तेलंगाना में मतदान है। मध्य प्रदेश में चुनाव से फुर्सत मिलने के बाद नेताओं को इन दोनों ही राज्यों में भेजा जा रहा है। कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी तो राजस्थान पहुंच भी चुके हैं और जनसभाओं से लेकर पार्टी बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं। पार्टी दोनों राज्यों के चुनाव में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अरुण यादव जैसे नेताओं के भी उपयोग की तैयारी में है।

वहीं, भाजपा दोनों राज्यों के चुनाव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के अलावा केंद्रीय मंत्रियों के उपयोग की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी ने तो तेलंगाना में राज्य के 22 नेताओं को भेजने का फैसला कर लिया है। यहां की 119 सीटों पर 30 नवंबर को मतदान होना है और 28 नवंबर को प्रचार थम जाएगा। राज्य की ओर से जो नेता चुनाव प्रचार में जाने वाले हैं, उनमें शिवराज सरकार के सात मंत्री, तीन सांसद, चार विधायक आदि शामिल हैं।

# प्रदेश में आचार संहिता उल्लंघन के मामले बढ़े

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा में इस बार आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में ढाई गुना वृद्धि हुई है। पिछले 2018 के विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तीन हजार 990 शिकायतें सी-विजिल एप के माध्यम से प्राप्त हुई थी, जबकि इस बार विधानसभा निर्वाचन 2023 में सी-विजिल एप से अब तक 11 हजार 257 शिकायतें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की मिल चुकीं हैं। आयोग ने जिनका त्वरित निराकरण भी किया है। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू है। इस बीच आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा सके, साथ ही नागरिक भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की त्वरित शिकायत कर सकें, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार कराया गया। प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होने के बाद से अब तक 11 हजार 257 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सी-विजिल एप तैयार कराया गया है। इसके माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत कर सकता है। शिकायत करने के लिए फोटो अथवा वीडियो को एप पर अपलोड करना होता है। इसके




बाद आयोग इसे अपने संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई करता है। पिछले 2018 के विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की 3,990 शिकायतें सी-विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त हुई थी।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता लागू है। इस बीच आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जा सके, साथ ही नागरिक भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की त्वरित शिकायत कर सकें, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल ऐप तैयार कराया गया। प्रदेश में 9 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होने के बाद से अब तक 11 हजार 257 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। सी-विजिल ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की किसी भी तरह की शिकायत फोटो अथवा वीडियो के माध्यम से कर सकता है।

# आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटों के नतीजे तय करेंगे किसकी बनेगी सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुका है। अब दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस में अपनी संभावनाओं की समीक्षा की जा रही है। सबसे ज्यादा नजर आदिवासी वोट बैंक पर है क्योंकि इस वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा सीटों पर जिसने जीत हासिल की, उसके हाथ में सत्ता आई। पिछले तीन चुनाव तो यही कहानी कह रहे हैं। राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से आदिवासी वर्ग के लिए 47 सीटें आरक्षित है और इन सीटों की हार-जीत राज्य की सियासत में बड़ा बदलाव ला देती है। जिस भी राजनीतिक दल को इन सीटों में से ज्यादा पर जीत हासिल हुई, उसे सत्ता नसीब हुई है, इतना ही नहीं लगभग हर चुनाव में यहां मतदाताओं का रूख भी बदलता नजर आता है।राज्य की इन 47 सीटों की समीक्षा की जाए तो एक बात साफ हो जाती है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन सीटों में से 30 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2013 के चुनाव में भाजपा के हाथ में 31 सीटें आई थी। इतना ही नहीं वर्ष 2008 के चुनाव में भाजपा 29 सीटें हासिल करने में सफल रही थी।

इस तरह राज्य की आदिवासी सीटें, जिस राजनीतिक दल के हिस्से में गई, उसके हाथ में सत्ता रही। यही कारण है कि दोनों राजनीतिक दल दावा कर रहे हैं कि आदिवासी सीटों पर उनके हिस्से में जीत आएगी। इसके पीछे उनके अपने तर्क भी हैं और वह इस वर्ग के कल्याण के लिए किए गए काम और उठाए गए कदमों का हवाला दे रहे हैं।

# बागियों से कई जगह त्रिकोणीय हुआ मुकाबला

## जीतने पर बागी जिधर जाएंगे उसका पलड़ा होगा भारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब तीन दिसम्बर को मतगणना के साथ ही परिणाम का इंतजार है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के बीच ही मुकाबला बताया जा रहा है, लेकिन इस बार बसपा, सपा, सपा के साथ ही बागी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इससे कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। कहीं बागी भाजपा का खेल बिगाड़ रहे हैं तो कहीं कांग्रेस का। ऐसी करीब एक दर्जन से ज्यादा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी की धड़कनें बढ़ी हुई हैं तो वहीं, दोनों ही राजनीतिक दलों की टेंशन भी बढ़ गई है। नर्मदापुरम से भाजपा से बागी भगवती चौरे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सीताशरण शर्मा को इससे नुकसान हो सकता है। इस सीट पर कांग्रेस से सीताशरण शर्मा के भाई गिरजाशंकर शर्मा प्रत्याशी हैं। भगवती चौरे के निर्दलीय चुनाव लड़ने से इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय और दिलचस्प हो गया है। सतना में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और भाजयुमो के दो बार सतना जिला अध्यक्ष रहे चुके रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा बसपा से चुनाव मैदान में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने बसपा की सदस्यता ले ली थी। यहां पर भाजपा ने चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाह मैदान में हैं। बुरहानपुर सीट से भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. नंद कुमार सिंह चौहान के बेटे हर्षवर्धन



सिंह चौहान निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा ने पूर्व मंत्री अर्चना चिटनीस को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस की तरफ से विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा प्रत्याशी हैं। सीधी में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर सीधी सीट पर विधायक केदारनाथ शुक्ला निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इससे भाजपा प्रत्याशी रीति पाठक को नुकसान हो सकता है। यहां पर कांग्रेस की तरफ से ज्ञान सिंह प्रत्याशी हैं। मुरैना में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के बेटे राकेश सिंह बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा से रघुराज कंसाना और कांग्रेस से दिनेश गुर्जर प्रत्याशी हैं। टीकमगढ़ में भाजपा से पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव टीकमगढ़ में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा ने वर्तमान विधायक राकेश सिंह और कांग्रेस ने यादवेंद्र सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। भिंड में बसपा से चुनाव जीत कर भाजपा में शामिल होने पर संजीव कुशवाह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कुशवाह बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा से नरेंद्र सिंह कुशवाह और कांग्रेस से चौधरी राकेश चतुर्वेदी मैदान में हैं। सुमावली में कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप सिंह सिकरवार बसपा से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा से एंदल सिंह कंसाना और कांग्रेस से अजब सिंह कुशवाह को टिकट दिया है। चाचौड़ा में भाजपा से पूर्व विधायक ममता मीणा आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रही हैं। यहां पर कांग्रेस से विधायक लक्ष्मण सिंह प्रत्याशी हैं। वहीं, भाजपा ने प्रियंका मीणा को प्रत्याशी बनाया है। धार में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजीव यादव पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर भाजपा ने विधायक नीना विक्रम वर्मा और कांग्रेस ने प्रभा गौतम को प्रत्याशी बनाया है।

## बसपा ने 181 व निर्दलीय 1166 प्रत्याशी मैदान में

बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने इस चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन किया है। बीएसपी ने 181 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 37 प्रत्याशी उतारे हैं। इसके अलावा प्रदेश में समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, जन अधिकार पार्टी, जनता दल यूनाइटेड पार्टी चुनाव मैदान में है। 2018 के चुनाव में बीएसपी को 6.42 प्रतिशत वोट मिले थे और दो सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछली बार भाजपा को 109 और कांग्रेस को 114 सीटों पर विजय मिली थी।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।